सूर्योदय प्रात: 6:18 | सूर्यास्त संध्या 5:03 | पखवाड़ा मार्गशीर्ष शु. अष्टमी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 23° न्यूनतम 14°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, सोमवार, 09 दिसम्बर 2024, वर्ष : 15, अंक : 293, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,956.33 | 110.58 (0.14%) |
| निफ्टी | 24,467.45 | 10.30 (0.04%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 76,760.00 |
| चांदी | 100.00 |

# प्रधानमंत्री आज राजस्थान और हरियाणा का करेंगे दौरा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार 09 दिसम्बर को राजस्थान और हरियाणा का दौरा करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री 09 दिसम्बर को जयपुर जायेंगे और सुबह करीब 10:30 बजे जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 और राजस्थान वैश्विक व्यापार एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री इसके बाद हरियाणा जायेंगे और दोपहर करीब 02 बजे पानीपत में महिला सशक्तीकरण और वित्तीय समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप 'बीमा सखी योजना' का शुभारम्भ करेंगे। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की यह पहल 18-70 वर्ष की आयु की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनायी गयी है, ● शेष पृष्ठ 11 पर



## प्रधानमंत्री ने अष्टलक्ष्मी महोत्सव पर सिंधिया के लेख का किया जिक्र

**केन्द्रीय** मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिखे एक लेख को साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि अष्टलक्ष्मी महोत्सव के रूप में पूरा पूर्वोत्तर पर्यटन के अवसरों और पारम्परिक शिल्पकला का जश्न मनाता है। प्रधानमंत्री कार्यालय के हैंडल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विस्तार से बताते ● शेष पृष्ठ 11 पर

## पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को कार्डिनल बनने पर पीएम मोदी ने दी बधाई

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 51 वर्षीय पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को पोप फ्रांसिस द्वारा कार्डिनल बनाने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने पोस्ट में कहा, 'यह भारत के लिए बड़े गर्व और खुशी की बात है। पोप फ्रांसिस द्वारा कूवाकाड को पवित्र रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाने पर प्रसन्नता हुई। महामहिम कूवाकाड ने प्रभु यीशु मसीह के प्रबल अनुयायी के रूप में अपना जीवन मानवता की सेवा में समर्पित कर दिया है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।'

## एक झलक

### राहुल नार्वेकर बन सकते हैं महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष, आज होगा चुनाव

**मुंबई :** बीजेपी के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने रविवार को सीएम देवेन्द्र फडणवीस, उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की मौजूदगी में विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया।

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव सोमवार को होगा। वहीं, नामांकन की प्रक्रिया रविवार को हो चुकी है। विधानसभा में महायुति के संख्या बल को देखते हुए माना जा रहा है कि इस बार निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुना जायेगा। राहुल नार्वेकर ने कहा कि मुझे पार्टी की तरफ से जो जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। मैं उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी की तरफ से विधानसभा अध्यक्ष के पद को लेकर जो भी फैसले लिए जायेंगे, वह मुझे स्वीकार होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताते हुए कई मौके दिये और इस बार भी मुझे जो जिम्मेदारी सौपी जायेगी, मैं विश्वास दिलाता हूं कि मैं उसके मुताबिक काम करूंगा।

बता दें कि राहुल नार्वेकर महाराष्ट्र की कोलाबा सीट से विधायक चुने गये हैं।

### सीबीआई ने छत्तीसगढ़ पीएससी की पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक को किया गिरफ्तार

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ पीएससी में गड़बड़ी की जांच कर रही सीबीआई ने रविवार को पूछताछ के बाद तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक रहीं आरती वासनिक को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई दो दिनों से आरती वासनिक से पूछताछ कर रही थी। सीबीआई ने दो दिन पहले आरती वासनिक के राजनांदगांव स्थित आवास पर छापे मारे थे, जिसमें कुछ अहम सबूत मिले हैं। इसी आधार पर सीबीआई ने आरती वासनिक को आज गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने अपनी जांच में पीएससी के तत्कालीन चेयरमैन आईएएस टामन सोनवानी और व्यवसायी श्रवण गोयल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है जो अभी न्यायिक हिरासत में जेल में है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का तीन दिवसीय रूस दौरा आज से

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 8-10 दिसम्बर तक तीन दिवसीय रूस की यात्रा पर मॉस्को रवाना होंगे। इस दौरान 10 दिसम्बर को मॉस्को में राजनाथ सिंह और रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव भारत-रूस अंतर-सरकारी सैन्य एवं सैन्य तकनीकी सहयोग आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) की 21वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। बैठक में भारत-रूस के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग और औद्योगिक साझेदारी सहित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जायेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 09 दिसम्बर को कलिनिनग्राद स्थित यंत्रा शिपयार्ड में भारतीय नौसेना की नयी बहु-भूमिका वाली स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशील को कमीशन करेंगे। इस ऐतिहासिक मौके पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी उनके साथ रहेंगे। आईएनएस तुशील तलवार क्लास का स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है जिसे प्रोजेक्ट 11356 के नाम से भी जाना जाता है।

# बीएसएफ ने अजेय भारत का विश्वास पैदा किया : अमित शाह

**गृहमंत्री ने कहा**

- 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' के नाम से जाना जाता है सीमा सुरक्षा बल
- बॉर्डर पर खड़े बीएसएफ जवानों पर किसी को सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं



बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री ने किया परेड का निरीक्षण

एजेंसी

**नयी दिल्ली/जोधपुर :** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि सीमा सुरक्षा बल 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' के नाम से जाना जाता है। इन्हीं के भरोसे अजेय भारत का विश्वास 140 करोड़ ● शेष पृष्ठ 11 पर

## शाह ने जोधपुर में सरदार पटेल की पहली मूर्ति का किया अनावरण

**गृहमंत्री** अमित शाह ने रविवार को देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जोधपुर में पहली मूर्ति का अनावरण किया। सर्किट हाउस के बाहर आयोजित विशेष समारोह में उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जोधपुर से गहरा नाता रहा है। अगर वह नहीं होते, तो आज शायद जोधपुर पाकिस्तान का हिस्सा होता। यह भी सच है कि अगर सरदार पटेल नहीं होते, तो देश की रियासतों का एकीकरण भी सम्भव नहीं था। उन्होंने ही गुजरात सहित राजस्थान की जोधपुर जैसी रियासतों का भारत में विलय कराया था। साथ ही, जोधपुर के एयरवेज को रणनीतिक रूप से विकसित कराया और यहां के महाराज को विलय के लिए राजी कराया। उन्होंने कहा कि यह भी हकीकत यह है कि सरदार पटेल के साथ किसी ने भी न्याय नहीं किया। भाजपा के शासन से पहले उन्हें सम्मान नहीं मिला। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## षष्ठम विधानसभा का प्रथम सत्र आज से

# मुख्यमंत्री आवास में मंत्रियों व विधायकों के साथ सीएम ने किया विचार-विमर्श

- प्रस्तावित सत्र के प्रति दिखा काफी उत्साह
- राजनैतिक गलियारे में देखी जा रही खूब जिज्ञासा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में रविवार को सत्ता पक्ष के मंत्री एवं विधायक दल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 09 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 2024 तक आहूत षष्ठम विधानसभा के प्रथम सत्र के संदर्भ में सत्ता पक्ष की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मंत्री और विधायक प्रस्तावित सत्र के प्रति काफी उत्साहित दिखे। सत्र कैसा रहता है, दोनों पक्षों का इस दौरान एक-दूसरे के प्रति आचरण कैसा रहता है, इसे लेकर राजनैतिक गलियारे में खूब जिज्ञासा देखी जा रही है। इंडिया गठबंधन की सत्ता में जोरदार वापसी के बाद से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पूरी तरह एक्शन मोड में हैं। उन्होंने सभी मंत्रियों व विधायकों को ● शेष पृष्ठ 11 पर

## गिरिडीह पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये फर्जी बिजली अधिकारी बन कर लोगों को फोन करते थे और फिर बिजली कनेक्शन काटने के नाम पर ठगी करते थे। तीनों को गांडेय थाना क्षेत्र के आहारडीह के पास से गिरफ्तार किया गया है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## हरियाणा में जज के रीडर समेत परिवार के 04 लोगों की हत्या

**कैथल :** जिले के शाहाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत यारा गांव में रहने वाले कुरुक्षेत्र के जज के यहां रीडर, उनकी पत्नी, बेटा और बहू की घर में घुसे अज्ञात हमलावरों ने शनिवार रात हत्या कर दी, जबकि 13 वर्षीय पौत्र गम्भीर रूप से घायल है। सभी के गले को तेज धारदार हथियार से काटा गया है। घटना की जानकारी रविवार को उस वक्त हुई जब पड़ोसी गेट तोड़ कर अंदर गये, जहां शवों को देख उनके होश उड़ गये। एक ही परिवार के 04 लोगों की हत्या की जांच में पुलिस जुट गयी है।

# वायु सेना कमांडरों से मल्टी डोमेन युद्ध लड़ने और जीतने की क्षमता विकसित करने का आह्वान

- पश्चिमी वायु कमान के दो दिवसीय सम्मेलन में वायु सेना प्रमुख को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर
- इस वर्ष की थीम 'भारतीय वायु सेना : सशक्त, सक्षम, आत्मनिर्भर' पर दिया जोर



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पश्चिमी वायु कमान के कमांडरों के साथ बातचीत में मल्टी डोमेन युद्ध लड़ने और जीतने की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने ● शेष पृष्ठ 11 पर


भारतीय रिज़र्व बैंक जनता को **सोशल मीडिया** पर प्रसारित **शीर्ष प्रबंधन** द्वारा वित्तीय सलाह देने वाले फर्जी **(डीपफेक) वीडियो** के प्रति सतर्क करता है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के संज्ञान में यह आया है कि सोशल मीडिया पर गवर्नर के फर्जी वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें रिज़र्व बैंक द्वारा कतिपय निवेश योजनाओं को शुरू करने या उनको समर्थन प्रदान करने का दावा किया गया है। इन वीडियो में लोगों को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से ऐसी योजनाओं में अपना पैसा निवेश करने की सलाह देने का प्रयास किया गया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक यह स्पष्ट करता है कि उसके अधिकारी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं हैं और न ही उनका समर्थन करते हैं तथा ये वीडियो फर्जी हैं। रिज़र्व बैंक वित्तीय निवेश संबंधी ऐसी कोई सलाह नहीं देता है।

अतएव, जन सामान्य को सोशल मीडिया पर प्रसारित ऐसे फर्जी (डीपफेक) वीडियो और उनका शिकार होने से बचने के लिए सतर्क किया जाता है।

आरबीआई वेबसाइट पर जाने के लिए यहां स्कैन करें।

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## एक झलक

### पंचायत सेवक के नदारद रहने से जनता को परेशानी

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के पंचायत सेवक के नदारद रहने के रवैये से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि इन दिनों विष्णुगढ़ प्रखंड भ्रष्टाचार का केंद्र बनता जा रहा है। विष्णुगढ़ प्रखंड में पंचायत सेवकों के अलग अलग रूप देखने को मिल रहे हैं, कही पंचायत सेवक अपनी कार्यशैली की वजह से निलंबित हो रहे हैं तो कहीं अड़ियल और नैतिकता के विपरीत व्यवहार करते हुए अपने कार्य से नदारद दिखाई देते हैं। तीन पंचायत सेवक कारू राणा, शिव कुमार, सरयु पासवान को निलंबित करने के बाद उपायुक्त के द्वारा कार्रवाई करते हुए तबादला कर तीनों पंचायत सचिवों को विष्णुगढ़ प्रखंड से बरकट्ठा प्रखंड के चलकुशा पंचायत भेज दिया गया है। इसी क्रम में चेडरा पंचायत की पंचायत सेविका प्रीति कुमारी चिट्ठी मिलने के बाद भी ज्वाइन नहीं कर उनके द्वारा मनमानी की जा रही है। इससे पंचायत के कार्य में भारी असर पड़ रहा है, मईया सम्मान योजना एवं अन्य योजना के लिए काफी आवेदन लंबित पड़े हैं। पंचायत सचिव के उपलब्ध नहीं होने से एक भी काम नहीं हो पा रहा है, जिससे आम जनता और जनप्रतिनिधि भी परेशान हैं। इस संबंध में चेडरा पंचायत के मुखिया निर्मल कुमार से पूछे जाने पर बताया गया कि बिना पंचायत सचिव के कार्य निष्पादन में काफी कठिनाई हो रही है, पंचायत अध्यक्ष के भरोसे कार्य चल रहा है, पंचायत सेवक की बहाली जल्द से जल्द की जाय ताकि जनता का काम हो सके।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़–गोमिया, जमुनिया डैम स्थित सड़क पर रविवार को सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार व्यक्ति गिरकर घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक चानो निवासी जसवंत साव विष्णुगढ़ से अपने घर चानो वापस लौट रहे थे, इसी दौरान अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया जिससे उनके माथे पर गहरी चोटे आई है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद एवं आजसू प्रखंड कोषाध्यक्ष दीपू अकेला की मदद से विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उसका प्राथमिक इलाज उपचार किया गया। घटना का वजह बताया जाता है कि बाइक सवार शराब पीकर बाइक चला रहा था, किसके कारण दुर्घटना हुई, हालांकि इलाज के बाद घायल व्यक्ति यशवंत साव को घर भेज दिया गया है।

### चमरा लिंडा के लिए हुआ आभार व अभिनंदन समारोह

**गुमला** : घाघरा प्रखंड मुख्यालय के रन्हे स्टेडियम में एसटी एससी ओबीसी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा के लिए आभार एवम अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ो की संख्या बिशुनपुर विधान सभा से ग्रामीण एवम कार्यकर्ता पहुंचे थे। पारंपरिक रीति रिवाज से माननीय मंत्री को सभा स्थल तक लाया गया। सर्वप्रथम स्वर्गीय कार्तिक उरांव एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान चमरा लिंडा ने बिशुनपुर की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि एसटी एससी व ओबीसी समाज के लोगों का स्वाभिमान को बढ़ाने केलिए कार्य किया जाएगा। सरना कोड प्राप्त करना हम आदिवासियों का फंडामेंटल राइट है, अब हम सरना कोड लेकर रहेंगे।

# विष्णुगढ़ में हो रही है बालू की अवैध डंपिंग

- अवैध बालू की बिक्री से सरकार को भारी राजस्व का हो रहा है नुकसान
- इसके साथ ही रात के अंधेरे में भारी संख्या में बिना नम्बर प्लेट के वाहनों से हजारीबाग शहर के सीमा क्षेत्र तक भेजे जा रहे हैं बालू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : झारखंड सरकार द्वारा बालू के उठाव की अनुमति नहीं मिलने के कारण लंबे समय से बालू माफियाओं की चांदी चल रही है। बता दें कि विष्णुगढ़ प्रखंड में भी यह धंधा बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है। बालू की अवैध खनन और अवैध बिक्री तो की जा रही है, लेकिन इसके साथ ही अवैध डंपिंग के जरिए बालू को स्टॉक भी किया जा रहा है। विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विष्णुगढ़-बगोदर मुख्य मार्ग स्थित चौथा-बोदरा के समीप खुलेआम बालू की अवैध डंपिंग की जा रही है, जहां से विष्णुगढ़ के विभिन्न इलाकों में तो बालू पहुंचाया जा ही रहा है, इसके साथ ही रात के अंधेरे में भारी संख्या में बिना नंबर प्लेट के वाहनों से हजारीबाग शहर की सीमा क्षेत्र तक बालू भेजे जा रहे हैं। बालू में रोक की वजह से झारखंड में बालू की किल्लत से लोग जूझ रहे हैं जिसकी वजह से बालू उपलब्ध होने पर आसमान छू रही कीमत अदा करने को भी मजबूर हैं लोग। जिसका फायदा अवैध बालू कारोबारी बखूबी उठा रहे हैं। जबकि अवैध बालू खनन से जुड़ी जानकारी थाना स्तर से लेकर ज़िला प्रशासन तक को होती है और अवैध बालू खनन से निपटने के लिए खनन और भू-तत्व विभाग छापेमारी और जांच अभियान चलाते हैं, लेकिन विष्णुगढ़ क्षेत्र में अब तक ऐसी कोई कार्रवाई होती नहीं दिखाई दी है, नतीजन अवैध बालू के व्यापार फलफूल रहे हैं। अवैध बालू खनन, बालू की डंपिंग और अवैध बालू की बिक्री से सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है, विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में छापेमारी कर विशेष जांच की आवश्यकता है।

# मिशन ग्रीन हजारीबाग ने ओल्ड एज होम में 27 वृद्धों को उपलब्ध कराया इनर

- हम सिर्फ पौधे ही नहीं लगायेंगे, बल्कि निःस्वार्थ भाव से ऐसे सामाजिक कार्य भी करते रहेंगे : विश्वेन्दु



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : सामाजिक कार्य करने वाली संस्था मिशन ग्रीन हजारीबाग ने रविवार को ओल्ड एज होम में रह रहे 27 वृद्धों जिनमें 12 पुरुष और 15 महिलाएं शामिल हैं, उन्हें इनर उपलब्ध कराया। टीम के सदस्य विश्वेन्दु जयपुरियार ने कहा कि इसी साल मई में उन्होंने पहल करते हुए इस संस्था से सभी को जोड़ा और करीब 70 पौधे लगाए। कहा कि इस बार संस्था के लोगों ने एकबार फिर आगे आकर आर्थिक सहयोग किया ताकि इन वृद्धों के लिए इनर खरीदा जा सके। सदस्य गुरु दत्त, सुशील सिन्हा, सुभाष चंद्र सिन्हा, सागर कुमार, सुजीत कुमार, हरि मोहन एवं नीरज खंडेलवाल ने कहा कि ऐसे कार्य वे अब करते रहेंगे और जो भी जरूरतमंद होंगे, उन तक वे पहुंचेंगे और हर मुमकिन मदद पहुंचाएंगे। ब्लड बैंक के सनत ने कहा कि इन वृद्धों को इनर की जरूरत थी और मिशन ग्रीन हजारीबाग ने यह उन्हें देकर बहुत ही नेक कार्य किया है।

# अफीम व गांजे की खेती छोड़ किसान उगाने लगे सब्ज़ियां



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : झारखंड और बिहार के सीमा में चतरा जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड की कभी पहचान उग्रवाद और पिछड़ेपन के लिए होती थी। कान्हाचट्टी का उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र गडिया अमकुदार पोस्ते की खेती का सेफ जोन के लिए जाना जाता था। अफीम की खेती व तस्करी के लिए यह इलाका पुलिस और प्रशासन के लिए सरदर्द था। ग्रामीण गांजा और पोस्ते की खेती कर अच्छे खासे पैसे कमाते थे। पोस्ता के फल में चीरा लगाकर अफीम निकालने के धंधे में कई संलिप्त थे। पुलिस व प्रशासन के बढ़ते दबाव व जागरूकता के कारण अब ग्रामीण पोस्ते की खेती को छोड़कर सब्जियों की खेती की ओर रूख कर लिए हैं। जिन खेती में कभी नशे की खेती होती थी उन खेतों में किसान मूंग, मसूर, आलू, टमाटर व अन्य नकदी फसलों की खेती करना प्रारंभ कर दिए हैं। एसपी विकास पांडे ने बताया कि आज से दो तीन वर्ष पूर्व गडिया, अमकुदर व आसपास के गांवों में पोस्ते की सफेद फलों की चादर से क्षेत्र ढका रहता था। दूर से ही अफीम का सुगंध महकने लगता था। लेकिन आज की फिजां ही कुछ और बयां कर रही है। ग्रामीण टमाटर, मटर, आलू की खेती कर आत्मनिर्भर बनने की राह पर हैं। हालांकि पोस्ते की खेती कर ग्रामीण भले ही मालामाल हुआ करते थे। लेकिन इसकी खेती करने की जुर्म में गडिया अमकूदार, सिकिद, पथेल, नारे धैवैया आदि दर्जनों गावों के करीब डेढ़ सौ से अधिक ग्रामीणों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया। आज के तीन चार वर्ष पूर्व पोस्ते की खेती करने व कराने के लिए उक्त गांव सेफ जोन माना जाता था। पुलिस की मानें मो पहले इन गांवों में पहुंचने का रास्ता नहीं था। अब इन गांवों तक पहुंचने के लिए सड़कें, पुल पुलिया बन चुकी है। अपराधियों व उग्रवादियों पर नकेल कसने के लिए गडिया गांव में सीआरपीएफ का स्थायी कैंप स्थापित किया गया है। पुलिस के द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठक कर पोस्ते की खेती नहीं करने के लिए जागरूकता चलाया जाता है और ग्रामीणों को संकल्प भी दिलाया गया है। एसपी विकास पांडे ने बताया कि चतरा में नशे की खेती के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जाता है। ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाकर इससे होने वाले नुकसान से उन्हें अवगत कराया जा रहा है। पुलिस अफीम की खेती को रोकने के लिए पुरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है।

# मोंगिया स्टील समूह ने किया राज मिस्त्री व कांट्रेक्टर मिलन समारोह का आयोजन, बांटे कई उपहार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : चौपारण की जानी मानी जय प्रकाश इंटरप्राइजेज में मोंगिया स्टील समूह ने शनिवार को राज मिस्त्री और कांट्रैक्टर मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के बीच आयोजित मोंगिया स्टील समूह के मिलन समारोह में सैंकड़ो की संख्या में राज मिस्त्री और कांट्रैक्टर जुटे। समारोह का उद्घाटन मोंगिया स्टील के सेल्स ऑफिसर अतुल सिंह, रितेश सिंह और प्रो. विकाश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान समारोह में राज मिस्त्रीयों और कांट्रैक्टर के बीच पुरस्कार सहित अन्य उपहार का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जय प्रकाश इंटरप्राइजेज के संचालक विकाश कुमार यादव ने कहा कि वे बाजार में प्रतिस्पर्धा के भावना से नहीं आना चाहते। बल्कि मोंगिया कंपनी का टीएमटी लोगों में एक भरोसा पैदा कर सके, इसके लिए मोंगिया कंपनी प्रोडक्ट तैयार करती है। कहा कि कंपनी के लिए आसान नहीं था, लोगों में एक भरोसा बनना। इसके लिए कई साल तपस्या करनी पड़ी तभी मोंगिया एक ब्रांड बनकर उभरा है। इस दौरान समारोह में मौजूद कई राज मिस्त्री और कांट्रेक्टरों ने अपने-अपने राय मोंगिया कंपनी के टीएमटी को लेकर साझा करते हुए कहा कि सरकारी भवन से लेकर हर तरह के मकान और भवन समेत पुल निर्माण में क्वालिटी के अनुसार मोंगिया टीएमटी एक ब्रांड बना हुआ है। वहीं सम्मेलन में राज मिस्त्री में नंदू यादव, सिताराम यादव, जगदीश साव, कांशी साव, मो वदूद समेत कंपनी के कई प्रतिनिधी शामिल थे।

# मुखिया ने पानी की पाइप चोरी करते दो लोगों को पकड़ा, किया प्रशासन के हवाले



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : प्रखंड अंतर्गत बच्छई पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र रजक ने बीती रात करीब डेढ़ बजे बच्छई पंचायत भवन के पास से पानी का पाइप चोरी करते दो लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात मुखिया बीरेंद्र रजक को सूचना मिली कि करीब दर्जन भर लोग रात के अंधेरे में पंचायत भवन के पास रखे पानी के पाइप को ट्रक संख्या यूपी 34 सीटी 4417 में लोड कर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलते ही मुखिया बीरेंद्र रजक अपने साथियों के साथ पंचायत भवन पहुंचे। जहां अशोक कुमार सिंह पिता रामसुमेर सिंह ग्राम दोगलपुर, पंचायत मिश्रिक थाना मिश्रिक जिला सीतापुर उत्तरप्रदेश एवं चन्द्रसेन पाल पिता- नंदकिशोर पाल ग्राम महमूदपुर थाना मिश्रिक जिला-सीतापुर उतर प्रदेश को चोरी करते हुए पकड़ लिया गया, बाकी चोर भागने में सफल रहे। वहीं पाइप चोरी करने वाले दोनों व्यक्तियों को रात में ही पंचायत भवन में रखा गया। जिसके बाद शनिवार की सुबह दोनों व्यक्तियों को चौपारण प्रशासन को सौंप दिया गया। इस संबध में चौपारण थाना काण्ड संख्या-407/24 दिनांक 07/12/24 धारा-303(2)/317(5)/3(5) भा0 न्या0 सं0 दर्ज किया गया है तथा इस काण्ड में संलिप्त अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है, एंव गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है।

# विष्णुगढ़ विधायक प्रतिनिधि का ताज किसके माथे पर सजेगा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : मांडू विधानसभा क्षेत्र से इस बार एनडीए के आजसू पार्टी से निर्मल कुमार उर्फ तिवारी महतो मांडू विधानसभा क्षेत्र से जीतकर विधायक चुने गए हैं, मांडू की जनता ने इस बार तिवारी महतो पर भरोसा जताया है। इस बार विष्णुगढ़ के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने काफी मेहनत की जिसका फल सभी को मिला है। वहीं क्षेत्र की विकास में विधायक प्रतिनिधि की जरूरत होती है जिसे जनता की समस्याओं का सीधे समाधान होता है, इसमें जनता की बात विधायक तक पहुंचाना एवं उनके जन समस्या का समाधान करना विधायक प्रतिनिधि का कार्य होता है। विधायक प्रतिनिधि जनता से जुड़े रहते हैं। ऐसे में विष्णुगढ़ प्रखंड में विधायक प्रतिनिधि की जरूरत है। जिसमे सबसे सक्रिय आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल एवं आजसू प्रखंड कोषाध्यक्ष दीपू अकेला ये दो चेहरे उभर कर सामने आ रहे हैं, वही विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र में प्रखंड कोषाध्यक्ष दीपू अकेला दस वर्षों से जनता के बीच अपना योगदान दे रहे हैं सबसे गौर करने वाली बात है कि दीपू अकेला सड़क दुर्घटना से लेकर कई कार्यो में ज्यादा सक्रिय रहते हैं।

# हर सुख-दु:ख में हमारी उपस्थिति रहेगी : कौलेश्वर महतो

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत नरकी पंचायत के नरकी खुर्द निवासी रजाक अंसारी के देहांत के पश्चात परिवार जनों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी।इसकी सूचना जेएलकेएम पंचायत अध्यक्ष निर्मल महतो एवं संतोष महतो द्वारा प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो को दी गई। सूचना मिलते ही शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो एवं उपाध्यक्ष सुरेश कुमार द्वारा परिवार जनों को आर्थिक मदद की गई। प्रखण्ड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने कहा कि प्रखण्ड के पूरी जनता के बीच सुख दु:ख में हमारी उपस्थिति रहेगी। बहुत दु:ख की बात है। परिवार में 2 वृद्ध दादी हैं, इन सबों का आज तक पेंशन स्वीकृत नही हो पाई है। उन्होंने परिवार जनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार ने कहा कि चुनाव परिणाम जो भी रहा स्वागत योग्य रहा, जनता ने जो जेएलजेएम पर भरोसा जताई है, पूरे प्रखंड की जेएलकेएम टीम ईमानदारी पूर्वक जनता के हर समस्याओ का समाधान के लिए तत्पर रहेंगे। इस दौरान निर्मल महतो, संतोष महतो,सोमर महतो, लखन महतो,मुस्तफा,मुमताज अंसारी,यूसुफ अंसारी

# बीजेपी -आजसू की संयुक्त बैठक में उठे कई अहम मुद्दे



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**केरेडारी** : प्रखंड क्षेत्र के पेटो पंचायत अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय पेटो स्कूल प्रांगण में रविवार को एनडीए समर्थक आजसू बीजेपी के मुख्य कार्यकर्ता ने पंचायत स्तरीय बैठक किया बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव ने किया बैठक में पंचायत के विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए विस्तृत चर्चा में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रीतम साव, व आशेश्वर यादव ने कहां की काफी संघर्ष के बाद आजसू व बीजेपी के समर्थकों के चेहरे पर खुशी आई है, हम सबों ने मिलकर पंचायत के विकास के कार्यों को धरातल पर उतारने का काम करेंगे, एवं पेटो पंचायत प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत आता है लेकिन यहां के युवा बेरोजगार हैं इन सारी समस्याओं को शपथ ग्रहण के बाद विधायक के पास बात को रखने का काम करेंगे। मौके पर उपस्थित भाजपा किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नारायण यादव, आजसू प्रखंड कोषाध्यक्ष कंचन यादव मनोहर साव नकुल साव वसंत साव,महावीर साव, सिकंदर यादव करमजीत यादव, जितेंद्र कुमार लखन कुमार उत्तम राम देवनारायण शाह सुनील कुमार साव छोटन साव राजू साव संतोष राणा विनोद यादव चंदन कुमार विशेश्वर कुमार भोला साव सरिता देवी महेंद्र प्रसाद टिकेश्वर साव लक्ष्मण साव सहित कई उपस्थित थे।

शीतकालीन राहत अभियान के तहत हजारीबाग यूथ विंग ने जरूरतमंदों के बीच किया कम्बल वितरण

# 200 जरूरतमंदों के बीच वितरित हुए कम्बल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा समाज के जरूरतमंद और वंचित वर्ग की मदद के उद्देश्य से चलाए जा रहे शीतकालीन राहत अभियान के तहत रविवार को सलगावां स्थित दुर्गा मंडप एवं रेवली गांव में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 200 कंबल जरूरतमंदों के बीच वितरित किए गए। यह अभियान 1 दिसंबर 2024 को प्रारंभ किया गया है, जो आगामी फरवरी 2025 तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य सर्दी के मौसम में वंचित वर्ग को ठंड से राहत प्रदान करना और समाज में मानवता व सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अपने संबोधन में कहा की हमारा यह प्रयास समाज के उन लोगों तक पहुंचने का है, जो वाकई इस सर्दी में सहारे के लिए आश्रित हैं। इस अभियान के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण पीड़ित न हो। जरूरतमंदों के चेहरे पर जो खुशी और संतोष देखने को मिला, वह हमारे लिए इस कार्य की सबसे बड़ी प्रेरणा है। हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की यह अभियान केवल कंबल वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवता और सहयोग की एक मिसाल है। हमारा उद्देश्य उन लोगों तक मदद पहुंचाना है, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। यह कार्यक्रम समाज के हर वर्ग के लोगों को जोड़ने और एकजुट करने का माध्यम है, कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों के चेहरे पर संतोष और खुशी का भाव देखने को मिला, जिसने आयोजकों और कार्यकताओं को और भी प्रेरित किया। हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने बताया कि इस अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंदों तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है।

कैनरी हील में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने लगाया हेल्थ चेकअप जांच शिविर

# शुगर व हीमोग्लोबिन की हुई मुफ्त जांच

- शुगर व हीमोग्लोबिन की पूर्व जांच से लोगों को गम्भीर व घातक बीमारियों से बचाया जा सकता है : डॉ. प्रवीण श्रीनिवास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग कैनरी हील में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने दिन रविवार को हेल्थ चेकअप जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच मुफ्त किया गया। इसमें 39 से अधिक जरूरतमंदों ने सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच एवं उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। साथ ही कई लोगों ने अन्य जांच का परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान अन्य जांच पर बाजार से किफायती दर पर उपलब्ध होने से कई जरूरतमंदों ने पंजीकरण कराया। जरूरतमंदों लोगों ने बताया कि सप्ताहिक छुट्टी रविवार के दिन पब्लिक पलेस में इस प्रकार की जांच से आमजन में काफी राहत पहूंचेगा। गंभीर बिमारियों का पूर्वत जानकारी होने से गंभीर बीमारियों से बचाव एवं राहत मिलेगा। ज्ञात हो कि श्रीनिवास डायग्नोस्टिक रविन्द्र पथ मिशन रोड स्थित मिशन होस्पिटल के परिसर में सेवारत है। जिसमें शरीर पूरा जांच आधुनिक तरीके एवं किफायती दर पर उपलब्ध है। पूरा शरीर का जांच में सीबीसी, थायराइड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, वसा प्रालेख एचबीए, आरबीएस, इलेक्ट्रोलाइट, विटामिन-डी, विटामिन बी, ई.सी.जी यूएसजीडब्ल्यू, छाती का एक्स-रे एवं मुत्र का जांच सहित कई जांच के अलावे निशुल्क डॉक्टर्स परामर्श भी उपलब्ध है।

# सांसद ने की क्षेत्रीय विकास को सशक्त बनाने के लिए प्रतिनिधियों की घोषणा

- हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रतिनिधि बने सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा व रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्रीय जनसेवा और विकास कार्यों को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज तीन प्रमुख प्रतिनिधियों की घोषणा की। इन नियुक्तियों के माध्यम से सांसद कार्यालय और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित होगा और विकास कार्यों की गति तेज होगी।

**नियुक्त प्रतिनिधि और उनकी जिम्मेदारियां**

**लोकसभा प्रतिनिधि-सत्येंद्र नारायण सिंह**

सत्येंद्र नारायण सिंह को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। वे लोकसभा क्षेत्र के समग्र विकास, जनसमस्याओं के समाधान, और सांसद कार्यालय जनता सीधे संवाद के लिए जिम्मेदार होंगे। श्री सिंह क्षेत्र के विकास कार्यों की निगरानी करेंगे और सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को सांसद कार्यालय तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

**हजारीबाग जिला प्रतिनिधि : श्री अनिल मिश्रा**

**अनिल** मिश्रा को हजारीबाग जिले के विकास और प्रशासनिक समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है। वे जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की देखरेख करेंगे और प्रशासन एवं जनता के बीच समन्वय स्थापित करेंगे। इसके अतिरिक्त, वे जिले की प्राथमिकताओं और समस्याओं को हल करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

**रामगढ़ जिला प्रतिनिधि : राजीव जायसवाल**

**रामगढ़** जिले के लिए राजीव जायसवाल को प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उनकी जिम्मेदारी जिले की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनना, विकास योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करना, और जनता की आवश्यकताओं को सांसद कार्यालय तक पहुंचाना होगी।

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इन प्रतिनिधियों का चयन उनके अनुभव, निष्ठा और जनता के प्रति उनकी सेवा भावना को ध्यान में रखकर किया गया है। मुझे विश्वास है कि श्री सत्येंद्र नारायण सिंह, श्री अनिल मिश्रा और श्री राजीव जायसवाल अपने-अपने क्षेत्र में जनता की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान की दिशा में ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम क्षेत्र में विकास कार्यों को सुचारू रूप से चलाने और जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के उद्देश्य से उठाया गया है। मेरी कोशिश है कि क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्या को तुरंत हल किया जाए और यह तभी संभव है जब जनता और सांसद कार्यालय के बीच एक मजबूत और पारदर्शी संवाद हो। इन प्रतिनिधियों की नियुक्ति से यह काम और प्रभावी होगा। सांसद ने जनता से अपील की कि किसी भी समस्या, शिकायत या सुझाव के लिए ये प्रतिनिधि आपके संपर्क में रहेंगे। जनता इनसे सीधे संपर्क कर अपनी बात सांसद कार्यालय तक पहुंचा सकती है। यह कदम जनता की समस्याओं को तेजी से सुलझाने के साथ-साथ सांसद कार्यालय की कार्यक्षमता को भी बढ़ाएगा।

# अनिल मिश्रा के जिला सांसद प्रतिनिधि बनने से चौपारण के भाजपाइयों में खुशी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अनिल मिश्रा को अपना जिला प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि एक सूझबूझ ईमानदार, कर्तव्य निष्ठ व्यक्ति अनिल मिश्रा जो वर्षों से पार्टी का संगठन के लिए कार्य कर रहे थे, उन्हें सांसद प्रतिनिधि बनाकर सांसद ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए सांसद मनीष जायसवाल को चौपारण भाजपा परिवार और जनता के तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। भाजपा के कार्यकताओं की भावनाओं का कद्र करते हुए, अनिल मिश्रा जो पार्टी में समर्पित भाव से सेवा कर रहे थे, उन्हें प्रतिनिधि बनाए जाने से सांसद के कार्यों में और गति मिलेगी। खुशी जाहिर करने मे चौपारण पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा मंडल महामंत्री अरविंद सिंह, बालेश्वर साहू, सुनील सिंह, अरबिंद साव, युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजन सिंह, प्रवीण सिंह, कपिल यादव, जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, विजय यादव, मोहन साहू,रेवा साव, सहित कई अन्य भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्त किया है।



## सम्पादकीय.....

## युवा पीढ़ी को आज और अभी बचाना जरूरी

**बुंदेलखंड** अंचल के छतरपुर जिले के एक छोटे से गांव में जहां पर संस्कृति और संस्कार की पकड़ समाज पर गहन होती है। वहां एक छात्र द्वारा अपने ही स्कूल के प्रिंसिपल को गोली मार देने की घटना देश को हिला देने वाली घटना है। भारत के पिछले 100 साल के ज्ञात इतिहास में संभवतः यह पहली घटना है, जहां पर एक छात्र ने अपने प्रिंसिपल को गोली से भून डाला है। इसी समय मध्य प्रदेश के एक दूसरे गांव गरोठ में भी दलित परिवार द्वारा निर्माण किया जा रहे कार्य को रोकने के लिए एक दबंग ने गोली से महिला मजदूर को भून दिया है। स्कूल के सहपाठी चार नावालिगों ने एक बच्ची से गैंगरेप कर ब्लैकमेल किया और बच्ची ने आत्महत्या कर ली। समाज में इतनी हिंसा, इतनी नफरत, इतनी असहिष्णुता,इतनी वासना कहां से आ रही है? क्या हमारा समाज अपने मूल्यों को बचाने में असफल हो रहा है ?क्या घृणा के दो छोर इतने कठोर हो चुके हैं कि अब शिष्य और गुरु के बीच में भी गोली ही अंतिम उपाय रह गया है। समाज के रूप में अगर हम भारत को देखें तो यह गन कल्चर हमने अमेरिका में तो सुना था जहां पर बच्चे स्कूल के अंदर ताबड़तोड़ गोलियां चला देते हैं। यह हमने पाकिस्तान में भी सुना था लेकिन भारत में इस घटना का होना दशार्ता है कि समाज में जंग लग रही है और हमारा सिस्टम हमारी मूल्यानुगत परंपराएं इस उन्माद का समाधान खोजने में असमर्थ हैं। भारत के गांवों का हम अध्ययन करें तो पाते हैं कि विगत 10 वर्षों में गली कूचों और देहातों में जिन गरीब बस्तियों में ना तो नियमित रोजगार है न ही अतिरिक्त आमदनी , वहां भी आधा गांव नशे में डूबा है। नशीले पदार्थों का सेवन,धर्म,और जाति का नशा और इसकी फंडिंग राज्य को तो असफल कर ही रही है ,समाज के रूप में भी हमें असफल कर रही है। हम 10 वर्ष पहले यह दम भरने वाले राष्ट्र थे कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। हमारी 50 फीसदी आबादी युवा है और हम दुनिया को नेतृत्व देने की क्षमता रखते हैं। हमारे इन दावों को तीन तरह से दुनिया के शैतानों ने तोड़ दिया है। एक- इन नौजवानों के हाथ में काम मत जाने दो उनकी जवानी नौकरी रोजगार खोजते खोजते ही समाप्त हो जाए। दो- शिक्षा पर हमला करो ताकि योग्यता और युवावस्था का सामंजस्य ना रहे। तीन- इस बेरोजगार नौजवान को नशे के दलदल में उतार दो जहां पर वह अपनी दुनिया से अनुपस्थित हो जाए। क्या भारत इस खतरे को भांप रहा है कि जिस जवानी पर वह दस साल पहले नाज कर रहा था आज उसके पांव लड़खड़ा रहे हैं। एक अध्धयन में यह बात सामने आई है कि उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं में 40फीसदी भी रोजगार के हिसाब से योग्य नहीं हैं। एम्प्लायबिलिटी का यह संकट दिखाई पड़ना चाहिये। इसके पहले चीन भी स्मार्ट सिटी के चक्कर में फंसकर बहुत कुछ गंवा चुका है। वे शहर अब घोस्ट सिटी( भुतहा शहर) के रूप में जाने जाते हैं। चीन ने अपने आपको मास प्रोडक्शन और मेनपावर के नियोजन से बचा लिया है। हमें भी समय रहते यह करना होगा। भारत की युवा पीढ़ी के एक राष्ट्र के रूप में इस मानव संसाधन( ऊर्जा) को हम नियमित कर पा रहे हैं।क्या हम उसे क्षमतावान संसाधन के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत कर पा रहे हैं। शायद नहीं..।आज आवश्यकता है कि सरकारें देश को इस तिहरे नागपाश से बचाने के लिये राष्ट्रीय नीति का निर्माण करें। यह नीति निम्न उपायों पर केंद्रित होकर मिशन मोड में क्रियान्वित हों। नौजवान बेरोजगारों को समयबद्ध तरीके से रोजगार से जोड़कर देश की उत्पादकता बढाने के उपाय। देश मे.लाखों-करोड़ मूल्य के नशे के प्रवेश से समाज के विघटन को रोकने के उपाय।नशे के स्त्रोत और उसकी फंडिंग के मूल पर आक्रमण के उपाय। शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के उपाय। नियोजनीयता कौशल के विकास को बढ़ाना। अपराध, अराजकता, धर्म और जाति का उन्माद तथा कार्यकुशलता का अभाव इतने बड़े देश की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकता।

# बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब

विशेष | डॉ. सत्यवान सौरभ

> सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 10 से 75 वर्ष की आयु के 16 करोड़ लोग (14.6%) शराब के वर्तमान उपयोगकर्ता हैं और उनमें से 5.2% शराब पर निर्भर हैं। लगभग 3.1 करोड़ व्यक्ति (2.8%) भांग उपयोगकर्ता हैं और 72 लाख (0.66%) लोग भांग की समस्या से पीड़ित हैं। 7% बच्चे और किशोर इनहेलेंट का इस्तेमाल करते हैं, जबकि वयस्कों में यह दर 0.58% है। लगभग 18 लाख बच्चों को इनहेलेंट के इस्तेमाल के लिए मदद की जरूरत है। अनुमान है कि लगभग 8.5 लाख लोग इंजेक्शन के जरिए ड्रग्स ले रहे हैं। भारत में ड्रग्स की सबसे चिंताजनक श्रेणी ओपिओइड है, भारत में ओपिओइड के इस्तेमाल का प्रचलन वैश्विक औसत (0.7% बनाम 2.1%) से तीन गुना ज्यादा है।

**हाल** ही में एक जांच से पता चला है कि नशीली दवाओं की लत की महामारी, जो ज्यादातर युवा पुरुषों को प्रभावित कर रही है, पूरे भारत में फैल रही है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग भारत में महत्त्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य मुद्दा है। भारत की विविध आबादी, बड़ी युवा जनसांख्यिकी और आर्थिक असमानताएँ देश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की जटिल प्रकृति में योगदान करती हैं। सांस्कृतिक मूल्यों को बदलना, आर्थिक तनाव में वृद्धि और सहायक सम्बंधों में कमी से पदार्थ का उपयोग शुरू हो रहा है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 10 से 75 वर्ष की आयु के 16 करोड़ लोग (14.6%) शराब के वर्तमान उपयोगकर्ता हैं और उनमें से 5.2% शराब पर निर्भर हैं। लगभग 3.1 करोड़ व्यक्ति (2.8%) भांग उपयोगकर्ता हैं और 72 लाख (0.66%) लोग भांग की समस्या से पीड़ित हैं। 7% बच्चे और किशोर इनहेलेंट का इस्तेमाल करते हैं, जबकि वयस्कों में यह दर 0.58% है। लगभग 18 लाख बच्चों को इनहेलेंट के इस्तेमाल के लिए मदद की जरूरत है। अनुमान है कि लगभग 8.5 लाख लोग इंजेक्शन के जरिए ड्रग्स ले रहे हैं। भारत में ड्रग्स की सबसे चिंताजनक श्रेणी ओपिओइड है, भारत में ओपिओइड के इस्तेमाल का प्रचलन वैश्विक औसत (0.7% बनाम 2.1%) से तीन गुना ज्यादा है। सभी ड्रग श्रेणियों में, ओपिओइड समूह (विशेष रूप से हेरोइन) की ड्रग्स बीमारी, मृत्यु और विकलांगता की सबसे ज्यादा दरों से जुड़ी हैं। ड्रग के दुरुपयोग से कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें लीवर की बीमारी (शराब से), संक्रामक रोग (इंजेक्शन ड्रग के इस्तेमाल में सुइयों को साझा करने के कारण) और ओवरडोज से होने वाली मौतें शामिल हैं। साथ ही, मादक द्रव्यों के सेवन का मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसे अवसाद और चिंता से गहरा सम्बंध है। यह मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है या नए लोगों के विकास को जन्म दे सकता है। ड्रग के दुरुपयोग से परिवार टूट सकते हैं, संघर्ष बढ़ सकते हैं और परिवारों के भीतर भावनात्मक आघात हो सकता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित परिवारों में बच्चों को उपेक्षा, दुर्व्यवहार और शिक्षा में बाधा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी समग्र भलाई प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को अक्सर सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है, जो उनके ठीक होने और समाज में फिर से शामिल होने में बाधा बन सकता है। परिवार के किसी सदस्य की लत को सहने की लागत और उससे जुड़े चिकित्सा व्यय के कारण परिवारों को अक्सर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं, नशीली दवाओं की लत के कारण कार्यस्थल पर अनुपस्थिति और उत्पादकता में कमी आ सकती है। हिंसा और अपराध में वृद्धि नशीली दवाओं के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष प्रभाव है। नशे के आदी लोग अपनी दवाओं के भुगतान के लिए अपराध का सहारा लेते हैं। नशीली दवाएँ संकोच को दूर करती हैं और निर्णय लेने की क्षमता को कम करती हैं, जिससे व्यक्ति अपराध करने के लिए प्रेरित होता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के साथ छेड़छाड़, समूह संघर्ष, हमला और आवेगपूर्ण हत्याओं की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। आम आबादी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के जोखिमों और इसके परिणामों के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अलावा, स्कूलों और समुदायों में लोगों, विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन के विकार वाले व्यक्तियों को कलंकित करने से वे सहायता और समर्थन प्राप्त करने से हतोत्साहित हो सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं और समाज में बड़े पैमाने पर भेदभाव उपचार और पुनर्वास सेवाओं तक पहुँच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। नशीली दवाओं की लत के उपचार सुविधाओं और योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर सीमित शोध है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और कार्यक्रम विकास में बाधा डालता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग की छिपी और कलंकित प्रकृति के कारण सटीक डेटा एकत्र करने में भी चुनौतियाँ हैं। प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों के करीब भारत की भौगोलिक स्थिति इन दवाओं की आसान उपलब्धता की ओर ले जाती है। इसके अलावा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के लिए 'डार्क नेट' और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने का चलन बढ़ रहा है। भारत में नए साइकोएक्टिव पदार्थों की खपत बढ़ रही है और ये पदार्थ अक्सर मौजूदा दवा नियंत्रण नियमों के दायरे से बाहर हो जाते हैं, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए उन्हें प्रभावी ढंग से मॉनिटर और विनियमित करना चुनौती बन जाता है।

# कैसे बढ़े चुनाव में मतदान का प्रतिशत

गौरतलब | डॉ. आर.के. सिन्हा

> महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 65 फीसदी से अधिक मतदान हुआ जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है: पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। प्रश्न यह उठता है कि मतदान का यह प्रतिशत क्या किसी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं! तो फिर किया क्या जाये! यह तो पूरे तो पूरे देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को सोचना होगा कि चुनाव में मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ाया जा सकता है।

**महाराष्ट्र** और झारखंड विधानसभा के लिए हुए चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। अब दोनों राज्यों में नई सरकार का गठन भी हो गया है। झारखंड और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 65 फीसदी से अधिक मतदान हुआ जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है: पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। प्रश्न यह उठता है कि मतदान का यह प्रतिशत क्या किसी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं! तो फिर किया क्या जाये! यह तो पूरे तो पूरे देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को सोचना होगा कि चुनाव में मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ाया जा सकता है। यह गंभीर मसला है। जैसा कि मैंने ऊपर कहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा के लिए हुए चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है: पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। महाराष्ट्र के आंकड़ों पर इसलिए गौर किया जाता है क्योंकि राज्य में देश की सबसे बड़ी शहरी आबादी है और ऐतिहासिक रूप से यह शहरों और कस्बों में कम मतदान के कारण औसत राष्ट्रीय मतदान से पीछे रहा है। हालांकि, महाराष्ट्र के आंकड़े का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। उदाहरण के लिए, पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 76.25% का उच्च मतदान दर्ज किया गया, उसके बाद गढ़चिरौली का स्थान है, जो माओवादियों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है, जहाँ 73.68% मतदान हुआ है, जबकि मुंबई शहर जिले में 52.07% का कम मतदान हुआ। पुणे, ठाणे और मुंबई उपनगरीय जैसे अन्य शहरी जिलों में भी इसी तरह के आंकड़े दर्ज किए गए हैं। हालांकि, सकारात्मक पहलू यह है कि पूरे राज्य में मतदान में समग्र सुधार हुआ है। इस बदलाव का श्रेय, हालांकि अपेक्षाकृत धीमा और क्रमिक है, इसका मुख्य रूप से श्रेय भारत के वर्तमान चुनाव आयोग को जाता है। मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार काफी सक्रिय था।

## आज का इतिहास

- हालैंड और इंग्लैंड के बीच 1625 में सैन्य संधि पर हस्ताक्षर।
- भारत में मदरास का तेरह महीनों तक चलने वाला युद्ध 1758 में आरंभ हुआ।
- ब्रिटिश संसद ने 1762 में पेरिस संधि को स्वीकार किया।
- हिज एक्सेलेंसीजार्ज बैरिंग वायसराय तथा भारत के गवर्नर जनरल ने 1873 में ह्यम्योर कॉलेजह्न की आधारशिला रखी।
- बेलूर मठ की 1898 में स्थापना।
- फ्रांसीसी सेनाओं ने 1910 में मोरक्को के बंदरगाह शहर अगादीर पर कब्जा किया।
- जनरल अलेनबाय केनेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने 1917 में यरुशलम पर कब्जा किया।
- हालैंड और हंगरी के बीच 1924 में व्यापार संधि पर हस्ताक्षर।
- जापानी सेना ने 1931 में चीन के जेहोलप्रांत पर हमला किया।
- चीन ने 1941 में जापान,जर्मनी और इटली के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- संविधान सभा की पहली बैठक 1946 में नयी दिल्ली के कांस्टीट्यूनल हॉल में हुई।
- फ्रांसीसी मजदूर संघ ने 1947 में हड़ताल समाप्त कर सरकार से बात शुरू की।
- लिबरेशन वॉर केदौरान भारतीय सेना ने 1971 में हवाई अभियान मेघना हेली ब्रिज छेड़ा था।
- प्रिंस चार्ल्सऔर प्रिंसेस डायना ने 1992 में अलग होने की औपचारिक रूप से घोषणा की।
- आस्ट्रेलियाई क्रिकेट खिलाड़ियों शेन वार्न और मार्क वॉ ने 1998 में एक भारतीय सट्टेबाज से 1994 में श्रीलंका दौरे पर रिश्वत लेने की बात स्वीकारी।
- यूनाइटेड नेशनलपार्टी के नेता रानिल विक्रमसिंघे ने 2001 में श्रीलंका के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।
- तालिबान में 2001 में नार्दन एलांयस का विमान दुर्घटनाग्रस्त, 21 मरे। जॉन स्नो 2002 में अमेरिका के नयेवित्तमंत्री बने।

## ● किसने क्या कहा



ईवीएम का रोना रोने के बजाय विपक्ष सकारात्मक काम करे

एकनाथ शिंदे
उपमुख्यमंत्री

महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चलेंगी तीन हजार ट्रेनें

अश्विनी वैष्णव
रेल मंत्री



## अंकजाल - 7753

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.



अंकजाल 7752 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## ज्ञान के रास्ते पर

**गौतम** बुद्ध के प्रवचन में एक व्यक्ति रोज आता था और बड़े ध्यान से उनकी बातें सुनता था। बुद्ध अपने प्रवचन में लोभ, मोह, द्वेष और अहंकार छोड़ने की बात करते थे। एक दिन वह व्यक्ति बुद्ध के पास आकर बोला- मैं लगभग एक महीने से आपके प्रवचन सुन रहा हूं। पर क्षमा करें, मेरे ऊपर उनका कोई असर नहीं हो रहा है। इसका कारण क्या है? क्या मुझमें कोई कमी है? बुद्ध ने मुस्कराकर पूछा- यह बताओ, तुम कहां के रहने वाले हो? उस व्यक्ति ने कहा- श्रावस्ती।
बुद्ध ने पूछा-श्रावस्ती यहां से कितनी दूर है?, उसने दूरी बताई।
बुद्ध ने पूछा- तुम वहां कैसे जाते हो?
व्यक्ति ने कहा- कभी घोड़े पर तो कभी बैलगाड़ी में बैठकर जाता हूं।

## सुविचार

सज्जन पुरुष बादलों के समान देने के लिए ही कोई वस्तु ग्रहण करते हैं।
कालिदास

वृक्ष अपने सिर पर गरमी सहता है, मगर अपनी छाया में दूसरों का ताप दूर करता है।
तुलसीदास

# भ्रष्टाचार एक अभिशाप, जो विकास की राह को करता है बाधित

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

**भ्रष्टाचार** एक ऐसा अभिशाप है, जो देश के विकास में बाधा डालता है और विषमता, अन्याय, अशांति, गरीबी, बेरोजगारी, अपराध, कमजोर शासन प्रणाली आदि जैसी अनेक समस्याओं को बढ़ावा देता है। इससे सबसे बड़ा नुकसान गरीब तबके और काबिल लोगों को होता है, क्योंकि उन्हें बेहतर जीवनमान तक पहुंचने का अवसर नहीं मिलता। उनके हिस्से का लाभ किसी अन्य को अनुचित तरीके से चला जाता है। हम सभी भी अपने जीवन में बहुत से कामों के लिए भ्रष्टाचार का शिकार होते हैं या हुए हैं। शायद ही कोई दिन हो जब भ्रष्टाचार सम्बन्धित खबर देखने-सुनने को न मिले। प्रत्येक विभाग या क्षेत्र में कार्यरत अनेक कर्मचारियों को पता होता है कि उनके यहां कहां पर अनुचित व्यवहार होता है। लेकिन, इसके खिलाफ आवाज नहीं उठाते, लालच या फिर डर के कारण जैसा चल रहा है, उस हिसाब से चलने देते हैं। भ्रष्टाचार ने असंख्य जिन्दगियां बर्बाद कर दी हैं। पीड़ित परिवार के कई पीढ़ियों को इस भ्रष्टाचार के दंश की सजा भुगतनी पड़ती है। सिफारिश, राजनीतिक हस्तक्षेप, दबाव, सत्ता या पद का दुरुपयोग भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 में भारत 180 देशों में से स्कोर 39 के साथ 93वें स्थान पर है, जो 2022 में 40 स्कोर के साथ 85वें स्थान पर था। मतलब 2023 में गिरावट दर्ज हुई।

महाराष्ट्र राज्य के नागपुर शहर में स्थित राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर भर्ती के लिए हर पद हेतु 50 से 80 लाख रुपये की रिश्वत लेने की खबर दैनिक भास्कर हिन्दी समाचार पत्र ने 15 अगस्त 2024 को अपने प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित की थी। आज भी हम इस अखबार की वेबसाइट पर जाकर इस खबर को ऑनलाइन पढ़ सकते हैं। यह पहली बार नहीं है, जब राज्य में पद भर्ती के नाम पर पैसों की मांग हुई है। ऐसी खबरें पहले भी प्रसारित हो चुकी हैं। महाविद्यालय में पद भर्ती की इस समस्या के बारे में कई कुलपतियों और सम्बन्धित विभागों, मंत्रियों को सूचित करने के बाद भी कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। कुछ दिन पहले खबर प्रकाशित हुई थीं कि महाराष्ट्र के संभाजी नगर में एक महिला प्रोफेसर पीएचडी शोध छात्र से 05 लाख रुपये की रिश्वत तय कर पहली किस्त की रकम लेते हुए पकड़ी गयी थी। ऐसी हजारों घटनाएं होती हैं, लेकिन समाज के सामने उजागर बहुत कम होती हैं। अनेक विभागों में भ्रष्टाचार दबे पांव अपना काम करते रहता है। फिलहाल, पदभरती की राह में महाराष्ट्र राज्य के अकृषी विश्वविद्यालयों में 1200 और महाविद्यालयों में 11000 स्वीकृत पद रिक्त हैं।

भ्रष्टाचार की समस्या का अनुभव जानने के लिए उस क्षेत्र में अपना काम कराने जब हम उम्मीदवार बन कर जाते हैं, तब आसानी से हमें अनुचित व्यवहार की जानकारी मिलती है। क्या करें, यदि कोई व्यक्ति उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपने जीवन का बहुमूल्य समय, पैसा और उम्र खर्च कर दें ; यानी अपनी योग्यता साबित करने के बावजूद नौकरी पाने के लिए उसे रिश्वत देनी पड़े? ऐसी स्थिति में गरीब और ईमानदार का पढ़ना-लिखना तो गुनाह हो जायेगा ? देश में आर्थिक असमानता की खाई अधिक गहरी हो गयी है, अमीर अधिक अमीर और गरीब का संघर्ष तो खत्म ही नहीं हो रहा है। अनेक उच्च शिक्षा पदवी विभूषित काबिल बेरोजगार जीवनयापन के लिए जो बन पड़े, मतलब मजदूरी तक करके दिन काट रहे हैं। वैश्विक असमानता डेटाबेस के अनुसार 2014-15 और 2022-23 के बीच, धन संकेन्द्रण के मामले में शीर्ष-अंत असमानता में वृद्धि हुई है। 2022-23 तक, शीर्ष 01 प्रतिशत की आय और धन शेयर (22.6% और 40.1%) अपने उच्चतम ऐतिहासिक स्तर पर है और भारत की शीर्ष 01 प्रतिशत आय हिस्सेदारी दुनिया में सबसे अधिक है, यहां तक कि दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका से भी अधिक है। अक्सर बोला जाता है कि अकेले इस सिस्टम से नहीं लड़ सकते, रिश्वत देने से मना करने पर हमसे ज्यादा रिश्वत देने के लिए दूसरा तैयार ही है। एक ईमानदार से सौ बेईमानों को कोई फर्क नहीं पड़ता है। बड़े-बड़े उद्योगपति हजारों करोड़ का कर्ज लेकर विदेश भाग जाते हैं और यहां गरीब कर्ज चुकाने के लिए संघर्ष करता रहता है। बहुत बार तय कालावधि में सरकारी काम पूरे नहीं होते। सरकार बदल जाती है, लेकिन कई बार काम अधूरे के अधूरे, पहली बरसात में ही सड़क पर पानी भर जाता है, गड्ढे पड़ जाते हैं, तो कहीं पुल बनते ही ढह जाते हैं। दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों में तो समस्याएं अधिक विकराल रूप धारण कर लेती हैं। सरकारी अधिकारियों, निविदा या संविदा पर कार्य करनेवाले कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से भी बहुत बार दुर्घटनाएं होती हैं, बड़ी संख्या में जान-माल का नुकसान होता हैं। कानून सभी नागरिकों के लिए समान है ; फिर भी धनवान, रसूखदार, दबंगों की तुलना में गरीब, सज्जन व ईमानदार लोग कानून से ज्यादा डरते हैं। चुनाव के वक्त नेताओं के वादे हमें 05 साल याद रहते हैं, लेकिन वे हमें भूल जाते हैं। परंतु ऐसा कहने भर से हमारी जिम्मेदारी या जिन्दगी खत्म नहीं हो जाती। देश में भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाने की जरूरत है। हर सरकारी कार्य में पारदर्शिता, विश्वसनीयता, जिम्मेदारी और समय की कीमत का योग्य आकलन बेहद आवश्यक है। नेता या अधिकारी जितने बड़े पदों पर विराजमान होते हैं, वे जनता के प्रति उतने ही जिम्मेदार और उत्तरदायी होते है। परन्तु, आम इंसान की कभी हिम्मत नहीं होती कि उनसे काम के बारे में जवाब मांगा जाये। अमेरिका का राष्ट्रपति पद से मुक्त होने के बाद दूसरे ही दिन से आम लोगों की तरह सामान्य जीवनयापन करता है। लोग भी उनसे सामान्य व्यवहार करते हैं, परन्तु हमारे देश में एक बार बना पार्षद भी आजीवन उसी रुतबे में जीवन जीते हुए नजर आता है। हमारे देश में बड़ी संख्या में विधायक और सांसद करोड़पति हैं और जनकल्याण हेतु लोगों की निःस्वार्थभाव से सेवा करने के लिए चुनाव में चुन कर आने के लिए पानी की तरह पैसा बहा देते हैं। हाल ही समाचार पत्र में खबर पढ़ी थी, कि अभी महाराष्ट्र राज्य में विधानसभा के लिए चुनाव हुए, जिसमें अनेक उम्मीदवारों द्वारा चुनाव में किये गये खर्च और चुनाव आयोग को दिये गये खर्च ब्योरे में काफी अन्तर नजर आ रहा है।

भ्रष्टाचार को मिटाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। जागरूकता और हिम्मत से हम इस समस्या को खत्म कर सकते हैं। देश के हर राज्य में राज्य सरकार का भ्रष्टाचार प्रतिबंधक विभाग है, जिसकी हम भ्रष्टाचार सम्बन्धित समस्या होने पर सहायता ले सकते हैं। ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं, टोल फ्री क्रमांक पर सम्पर्क कर सकते है, ईमेल भेज सकते हैं, व्हाट्सअप नम्बर पर भी जुड़ सकते हैं। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र राज्य सरकार के भ्रष्टाचार प्रतिबंधक विभाग में शिकायत दर्ज करने के लिए 1064 टोल फ्री क्रमांक या व्हाट्सएप +91 9930997700 या ईमेल acbwebmail@mahapolice.gov.inया इनकी वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत "ttps://www.acbmaharashtra.gov.in/bribe-complaint लिंक पर क्लिक करके जागरूकता फैला सकते हैं। अपने निजी स्वार्थ के लिए दूसरे का हक छीन कर नहीं, बल्कि ईमानदारी और स्वाभिमान के साथ समाधानी जीवन जीना ही इंसानियत हैं। प्रण लीजिए कि भले ही थोड़ी तकलीफ हो जाये, लेकिन सरकारी नीति-नियमों व कानून का पालन करेंगे और ना कभी भ्रष्टाचार करेंगे, ना सहेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस 09 दिसम्बर 2024

## राशिफल

**मेष** — निजी जीवन से जुड़ा फैसला लेने के लिए अनुकूल समय है। फायदेमंद समय है। रूटीन में कुछ बदलाव करेंगे, जो कि सकारात्मक होंगे।

**वृष** — किसी करीबी दोस्त से मुलाकात होगी। पूरा दिन अच्छा रहेगा। अपने किसी फैसले पर काम करेंगे और सफल भी होंगे। घर में धार्मिक आयोजन का प्लान बनेगा।

**मिथुन** — आज कामकाज में बहुत अच्छा मौका मिल सकता है। फंसा हुआ या उधार दिया पैसा वापस मिलने के योग हैं।

**कर्क** — मिले-जुले प्रभाव वाला दिन रहेगा। ज्यादा काम रहेगा, लेकिन मेहनत के अनुकूल नतीजे भी मिलेंगे।

**सिंह** — अपनी गृहस्थी की जिम्मेदारियों को आप बहुत अच्छे से निभाएंगे। आप घर और बाहर दोनों जगह व्यवस्था ठीक तरह से बनाए रखेंगे।

**कन्या** — मौजूदा समय के अनुसार अपने रूटीन और व्यवहार में बदलाव करने से आपको सकारात्मक नतीजे मिलेंगे।

**तुला** — आज का दिन राहत वाला रहेगा। मनचाहे नतीजे मिल सकते हैं। फाइनेंस या निवेश संबंधी कामों पर भी ध्यान दें। घर में मांगलिक कामों की योजना बन सकती है।

**वृश्चिक** — पुरानी उलझनों का समाधान मिलना शुरू होगा। नजदीकी रिश्तेदार से शुभ समाचार मिलेगा। अपने पराए का आकलन सभी पहलुओं पर करें।

**धनु** — निवेश करने की योजना बना रहे हैं, तो बहुत अनुकूल समय है। परिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभा लेंगे।

**मकर** — किस्मत का साथ मिलेगा। समस्या का समाधान मिलेगा। परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। युवा लोग पढ़ाई और करियर को लेकर गंभीर रहेंगे।

**कुंभ** — फंसा हुआ या उधार दिया पैसा वापस मिलने की प्रबल संभावना है। निजी और आर्थिक मामलों में अपने नजदीकी दोस्तों और परिवार वालों की सलाह जरूर लें।

**मीन** — किस्मत का साथ मिलेगा। अपने सभी काम पूरे कर लेंगे। स्टूडेंट्स को किसी प्रतियोगिता के लिए आवेदन करना है, तो अनुकूल समय है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### बाइक के धक्के से बच्चे की मौत

**महुआडांड़/लातेहार** : महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र के नेतरहाट थाना अंतर्गत बटुआटोली निवासी बिसुआ किसान उम्र 5 वर्ष की बाइक से धक्का लगने से मृत्यु हो गई। इस घटना की जानकारी देते हुए नेतरहाट थाना प्रभारी ने बताया कि सनसेट पॉइंट के पास पर्यटक घूम कर नेतरहाट बाजार क्षेत्र की ओर आ रहे थे उसी क्रम में बटुआ टोली निवासी बिसुआ किसान अपने घर से निकल कर रोड में चल रही थी इसी क्रम में किसी अज्ञात बाइक सवार धक्का मार कर युवक फरार हो गया। जिसे इलाज के लिए बिसुनपुर भेजा गया और वहां से डॉक्टर ने गुमला रेफर कर दिया जहां इलाज के क्रम मे उसकी मौत हो गयी।

### सड़क दुर्घटना में घायल अज्ञात की इलाज के दौरान मौत

**गुमला** : गुमला सदर अस्पताल में इलाज के दौरान एक अज्ञात करीब 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत इलाज के दौरान मौत हो गयी। इसके बाद सूचना मिलने पर सदर थाना के एसआई पहुंच रविवार को शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा। किसी परिजन के नहीं पहुंचने की वजह से 72 घंटे के लिए शीत गृह में रखवा दिया गया। वही इस दौरान बताया जाता है कि शनिवार दोपहर को गुमला घाघरा सड़क पर दोदांग के समीप वाहन के चपेट में आने से वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस 108 से इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल भेजा था। जहां गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सा पी सी के भगत ने रिम्स रेफर किया था। परंतु परिजनों के अभाव में सदर अस्पताल में इलाज चल रहा था।

### खलियान घेराव को लेकर हुए विवाद में लोग जख्मी

**गुमला** : गुमला जिला के घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अरंगी गांव में खलियान घेराव को लेकर हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति ने अपने दांत से कान को काटकर जख्मी कर दिया। जिसके बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां जानकारी देते हुए घायल संजीव सिंह ने बताया है कि गांव के ही लखन सिंह के द्वारा उसके कान को दांत से कटकर जख्मी का दिया। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा गांव में बैठक कर लखन को दोषी करार देते हुए रु 20000 का जुमार्ना भरवारा गया। वही इस संदर्भ में बताया है कि 4 दिसंबर को धान मिसाइ के लिए खलियान का घेराव संजीव सिंह कर रहा था जिस दौरान लखन सिंह ने घेरा किये गए झाड़ी को उखाड़ कर फेंक दिया।जिसके बाद विवाद बढ़ गया। वही मना करने पर उसने संजीव सिंह को पकड़ कर उसके एक कान को दांत से कटकर जख्मी कर लहूलुहान कर दिया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 08 वर्षीय बच्चे की मौत

**गुमला** : गुमला जिला के नेतरहाट में गुटवा टोली में अज्ञात वहां के चपेट में आने से सुनीता देवी की 8 वर्षीय पुत्र विश्वास किसान की मौत हो गई। सूचना मिलने पर रविवार को पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर सदर अस्पताल गुमला में दिन के करीब 11:00 बजे पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया और मामले की छानबीन में जुट गया वहीं दौरान मृतक बच्चे के परिजनों ने बताया कि वह घर के बाहर खेल रहा था। जिस दौरान तेजी रफ्तार से आ रहे हैं। एक अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। इसके बाद पुलिस द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया था। सदर अस्पताल पहुंचने पर इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गम्भीर

**गुमला** : गुमला रांची नेशनल हाईवे स्थित पुग्गू के समीप ट्रक के टक्कर से घाघरा थाना क्षेत्र के खम्भिया गांव निवासी राजेंद्र साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रविवार दिन के 1:00 की है। घटना में उसके सिर में गंभीर चोट लगी वही उसका एक हाथ भी टूट गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल सदर अस्पताल लाया गया।

# हथियार का भय दिखा कर सोना लूटनेवाले आरोपी गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : हथियार का भय दिखाकर घर में रखे सोना चांदी व जेवर एवं रूपया को लूटने वाले अपराधकर्मी को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।23/24.10.2024 की रात्रि में समय करीब 01:00 बजे पांकी थाना क्षेत्र अन्तर्गत गजबोर ग्राम स्थित कृष्णा सोनी के घर में अज्ञात 06 अपराधकमीर्यों द्वारा हथियार का भय दिखाकर घर में रखे सोना चांदी के जेवर एवं रूपया को लूट लिया गया था। जिस संदर्भ में पांकी थाना काण्ड सं0-134/3024 धारा-310 (2) इठर दर्ज की गई थी। घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के आदेशानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज के



निदेर्शानुसार एक छापामारी टीम का गठन किया गया। काण्ड अनुसंधान के कम में दिनांक 07/12/2024 को गुप्त सूचना मिला कि घटना में संलिप्त संदिग्ध अपराधकर्मी ग्राम दूब आया हुआ है। तत्पश्चात उक्त सूचना को वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए छापामारी दल द्वारा ग्राम दूब जाकर काण्ड में संलिप्त अपराधकर्मी के घर जाकर छापामारी कर पकड़ा गया तथा पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम उपेन्द्र कुमार उर्फ उपेन्द्र विश्वकर्मा उम्र-29 वर्ष पिता राजेन्द्र मिस्त्री ग्राम दुब थाना पांकी जिला पलामू के बताया तथा काण्ड में संलिप्तता की बात स्वीकार किया तथा घटना में छोटु कुमार सिंह उम्र-24 वर्ष पिता संतोष सिंह ग्राम पगार खुर्द टोला बेरियाडीह थाना पीपराटांड जिला पलामू,सतीश राम उर्फ सतीश चन्द्रवंशी उम्र 35 वर्ष पिता अलियार राम ग्राम दुब थाना पांकी,शत्रुधन कुमार वर्मा उम्र 34 वर्ष पिता स्व. भगवान साव ग्राम सिमलिया थाना सुखदेवा नगर राँची जिला रांची, के रहने वाले संलिप्त अन्य अपराधकमीर्यों का नाम बताया। तत्पश्चात छापामारी दल के द्वारा विभिन्न जगहों से छापामारी कर घटना में शामिल अपराधकर्मियों को गिरफतार किया गया और काण्ड में लूटा गया एक देशी निर्मित एटर हथियार, दो जिन्दा 7.65 एमएम गोली,काण्ड में लूटे गए सोने का जेवर को गलाकर बनाया हुआ दो छोटा-बडा गोला, सोना का अंगूठी एक पीस, दो जोड़ा चांदी का नया पायल, एक जोड़ा चांदी का पुराना पायल, काण्ड में लुटा गया एण्ड्रॉड मोबाईल दो पीस, एक एण्ड्रॉड मोबाईल, घटना में प्रयुक्त दो लोहे का रड एवं एक हेक्सा कटर को बरामद किया गया। लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार झा, पांकी इंस्पेक्टर, पूनम टोप्पो, पांकी सब इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी, राजेश रंजन, चार सब इंस्पेक्टर संतोष गिरी, अनुप टोपनो, श्याम भगत, गोपाल कुमार राय, पांकी थाना सैट 31 एवं सशस्त्र बल रिजर्व गार्ड आदि शामिल थे।

## पलामू व लातेहार के शिक्षकों ने की मनिका विधायक से मुलाकात

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरवाडीह/लातेहार** : मनिका के नव निर्वाचित विधायक रामचंद्र सिंह को उनके जीत के उपरांत अखिल



झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पलामू प्रमंडल के अध्यक्ष और बरवाडीह शिक्षक संघ के अध्यक्ष समेत सैकड़ों शिक्षकों ने उनके आवास पर पहुंचकर मुलाकात किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ के साथ अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में बरवाडीह शिक्षक संघ के अध्यक्ष कन्हाई राम, रामनाथ राम, लक्ष्मण राम, ननदेव राम, अल्ताफ अनवर, विनय शर्मा, दीपक कुमार, प्रमोद कुमार, सुनील कुमार, लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार, कोटा प्रखंड अध्यक्ष बसंत कुमार विश्वकर्मा, सुरेश प्रसाद, रत्नेश ठाकुर, कमलेश कुमार, राजू कुमार, देवराज सिंह, सिकंदर सिंह, सिमरन सिंह और अरविंद कुमार समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे। शिक्षकों ने विधायक रामचंद्र सिंह को उनके क्षेत्र में शिक्षा के विकास और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव सहयोग देने की अपील की। मौके पर सचिन, विनय मांझी और अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे।

### प्रधान जिला जज ने इंश्योरेंस कंपनियों के साथ की बैठक

## 14 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : नालसा के आदेशानुसार आगामी 14 दिसंबर 2024 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के मध्य नजर आज माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र ने मोटर वाहन दुर्घटना के मामलों के निष्पादन के लिए इंश्योरेंस कंपनियों के साथ बैठक की और उन्हें ज्यादा से ज्यादा मामले का निष्पादन करने के लिए दिशा निर्देश दिया उन्होंने कहा कि मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित जितने भी मामले हैं उसमें से ज्यादा से ज्यादा मामले का निष्पादन आगामी 14 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में करने का प्रयास करें ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सकेगा और उनको मिलने वाली लाभ में ज्यादा विलंब भी नहीं होगा। बैठक में सभी इंश्योरेंस कंपनियों ने भाग लिया।

## सीमेन्ट से लदी ट्रक और कार की सीधी टक्कर में जेबीवीएनएल एसडीओ मेदिनीनगर घायल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मनिका/लातेहार** : मनिका थाना क्षेत्र के एनएच 39 पर बूढ़ा खेर के पास रविवार मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही कार विपरीत दिशा से आ रही सीमेंट लदी ट्रक की सीधी टक्कर में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड मेदिनीनगर के एसडीओ दामोदर राम तथा कर्मी अंगद कुमार घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार ने तत्काल पुलिस बल को एंबुलेंस के साथ घटना स्थल पर भेजा जहां से मनिका पुलिस द्वारा घायलों को एंबुलेंस के द्वारा मनिका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया तथा घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। गनीमत यह रही कि इस घटना में कार में सवार सभी लोग सुरक्षित रहे।घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। वहीं मनिका पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर घटना की जांच में जुट गई।



## गुमला के जगदंबा ज्वेलर्स से 05 लाख की भीषण चोरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला लोहरदगा नेशनल हाइवे पर एवम घाघरा थाना से महज 200 मीटर दूरी पर स्थित मां जगदंबा ज्वेलर्स में शटर तोड़कर चोरों ने करीब-5 लाख गहने पर हाथ साफ कर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली। घटना स्थल के बगल मे बैंक ऑफ इंडिया की शाखा है। उपर वाले की दया से बैंक को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। घटना के बाद से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में डर एवं पुलिस के प्रति रोष है। लोगों का कहना था कि जिस प्रकार से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है इससे लगता है कि चोरों में पुलिस का भय



बिल्कुल ही नहीं है एवं इलाके में इस तरह की पहली घटना है।इन दिनों घाघरा में अपराधिक घटनाओं में तेजी आई है। दो सप्ताह पूर्व ही अपराधियों ने रनहे एवं चपका गांव में तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। दुकान मालिक जितेंद्र सोनी को चोरी की सूचना सुबह मकान मालिक के द्वारा दी गयी। घटना की सूचना पाकर घाघरा थाना प्रभारी मां जगदम्बा ज्वेलर्स पहुंचे। जिला से एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव भी घटनास्थल पहुंच छानबीन में जुट गये। व्यापारियों ने शहर के बीचों बीच और थाना से बिल्कुल पास घाटी इस घटना पर चिंता जताई है और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी है। पुलिस का कहना है कि चोरी की घटना का जल्द उद्भेदन कर दोषियों को जल्द ही सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जायेगा।

## राधा कृष्ण किशोर मंत्री बनने से लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, अब पलामू का होगा विकास

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू जिले के पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से 29 वर्ष के बाद कांग्रेस की वापसी हुई है। इस चुनाव के पहले, अंतिम बार राधा कृष्ण किशोर ने कांग्रेस के टिकट पर जीत कर यहां से विधायक बने थे। वैसे तो 2005 में राधा कृष्ण किशोर विधायक तो बने लेकिन कांग्रेस की जगह जदयू की टिकट पर चुनाव जीते। फिर 2014 में विधायक तो बने परंतु भाजपा से चुनाव जीत कर पहली बार पाटन छतरपुर विधानसभा में भाजपा का खाता खोला था। 2019 में भाजपा ने इन्हें टिकट न देकर पुष्पा देवी को भाजपा से टिकट दिया जिस पर पुष्पा देवी ने जीत



हासिल की। तब राधा कृष्ण आजसु के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़े थे, लेकिन इन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस बार यानी 2024 के चुनाव में इन्होंने अंतिम क्षण में अपने पुराने घर कांग्रेस में काफी ढंग से वापसी की और टिकट प्राप्त करने में सफलता हासिल की। राधा कृष्ण किशोर ने भाजपा की पुष्पा देवी से कड़े संघर्ष के बाद 700 से अधिक मतों से जीतकर 29 वर्ष से कांग्रेस का परचम लहराया।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रंजन पाठक और बिट्टू पाठक की कांग्रेस से टिकट दिलाने में सक्रिय भूमिका रही। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से राधा कृष्ण किशोर को टिकट देने के लिए जोरदार तरीके से वकालत के सर्व विदित है कि राधा कृष्ण किशोर के पास लंबा राजनीतिक अनुभव है। संसदीय प्रणाली की अच्छी खासी जानकारी है। इन्होंने हमेशा अपने हिसाब से राजनीति की और कभी भी झुक कर समझौता नहीं किया। इसलिए जदयू आजसू भाजपा से होते हुए अपने घर वापसी कांग्रेस में की है।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में 01 युवक की मौत, 02 घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार** : महुआडांड थाना क्षेत्र के संत जेवियर्स कॉलेज के नजदीक महुआडांड़ डाल्टनगंज रोड के समीप रविवार की शाम एक मोटरसाइकिल पर तीन बाईक सवार सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये। मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक राजडण्डा की ओर से तेजी से महुआडांड़ की तरफ आ रहे थे। जहां अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। और मौके पर ही विवेक भगत पिता मनोज भगत ग्राम टांगीनाथ थाना डुमरी की मौत हो गई। अनिकेत उरांव और कुणाल बड़ाईक जो महुआडांड के ग्राम डीपाटोली निवासी है, वह गंभीर रूप से घायल है। वही घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड लाया गया। डॉक्टर रवि भगत द्वारा प्राथमिक इलाज कर गंभीर स्थिति देखते हुए दोनो युवक को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना पुलिस प्रशासन द्वारा दे दिया गया है। ज्ञात हो मोटरसाइकिल सवार बिना हेलमेट पहने और नशे की हालत में मोटरसाइकिल चला रहे थे। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि फिल्मी इस्टाईल से मोटरसाइकिल हवा में कुछ दूर उड़कर खेत में जा गिरी।

## यादव महासभा की युवा जिला कमेटी का विस्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय स्थित माकों डाक बंगला में रविवार को प्रांतीय युवा यादव महासभा के युवा जिला कमेटी का विस्तार लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय युवा यादव महासभा के जिलाध्यक्ष बच्चन कुमार यादव ने की । इस बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह यादव और प्रदेश सचिव उषा देवी उपस्थित रहे। इस बैठक में सभी के सर्वसम्मति से प्रांतीय युवा यादव महासभा जिला कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमे उपाध्यक्ष मदन यादव, उमेश यादव, निर्मल यादव, विशुनदेव यादव, राजकुमार यादव, सतीश यादव,



सचिव पारस यादव, सुरेन्द्र यादव, पिंटू यादव, चिंटू यादव, अखिलेश यादव, फुनेश्वर यादव, महासचिव आलोक कुमार यादव, कोषाध्यक्ष सयलोक यादव, मीडिया प्रभारी नागेंद्र यादव, गारू प्रखण्ड अध्यक्ष उमेश यादव नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार यादव, जिला संयोजक प्रीतलाल यादव,कार्यकारी सदस्य संतोष यादव, राहुल यादव, निरंजन यादव, विपिन यादव, मुनिप यादव, बिमलेश यादव समेत कई लोगो को बनाया गया। सभी नव नियुक्त जिला कमेटियो को माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं प्रांतीय युवा यादव महासभा के जिलाध्यक्ष बच्चन कुमार यादव ने कहा कि नव नियुक्त सभी जिला कमेटी के लोगो को जो दायित्व मिला हैं उसे ईमानदारी पूर्वक काम करेंगे।

## मृतक के परिजनों को मुआवजा के नाम पर सिर्फ आश्वासन : रूचिर तिवारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कल रामगढ़ प्रखंड के बेड़मा निवासी जाकिर अहमद पिता गफ्फार अहमद के मृत्यु के उपरांत सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद मृतक के परिजनों से उनके आवास पर मिलकर इस दुख के घड़ी में परिवारजनों को ढांढस बंधाया एवं पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया श्री तिवारी ने कहा कि मृतक के परिवार काफी गरीब है किसी तरह मेहनत मजदूरी करके बाल बच्चों का भरण पोषण करता था वह अपने पीछे एक पत्नी माता-पिता एवं दो छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर चला गया उसके घर में सन्नाटा परसा हुआ है पिता माता एवं पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है लेकिन अभी तक प्रशासन के द्वारा कोई भी मुआवजा नहीं दिया गया जबकि मृतक के परिजनों को तत्काल प्रखंड कार्यालय से 20 हजार



मुआवजा की राशि मिलनी चाहिए था लेकिन प्रशासनिक स्तर पर रोड जाम करने के बाद भी मृतक के परिजनों को कुछ भी मुआवजा न देना या प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की निरंकुशता है।

# नक्सलियों के खिलाफ तीर-धनुष लेकर एकजुट हुए ग्रामीण, पीएलपीए के ग्रुप लीडर को मार गिराया!

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चाईबासा** : जिले में नक्सलियों के खिलाफ ग्रामीण एकजुट हो गये हैं और जन आंदोलन छेड़ दिया है। चाईबासा के गुदड़ी और गोइलकेरा इलाके के 100 गांवों के करीब 15 हजार से ज्यादा ग्रामीण तीर-धनुष, तलवार और पारंपरिक हथियार के साथ सड़क पर उतर आये हैं। ग्रामीण चार दिन से इन इलाकों में पहाड़ी के 40 किमी दायरे में ऑपरेशन सेंदरा (शिकार) चला रहे हैं। इस क्रम में ग्रामीणों ने पीएलएफआई के ग्रुप लीडर मेटा टाइगर को तीर से मार गिराया है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



### शनिचर सुरीन का भतीजा था मेटा टाइगर

**मेटा** टाइगर पूर्व उग्रवादी शनिचर सुरीन (अब मृत) का भतीजा था। ग्रामीण पांच अन्य उग्रवादियों की भी तलाश कर रही है,हालांकि इनमें चार के मारे जाने की चर्चा है, लेकिन कोई पुष्टि नहीं कर रहा। ग्रामीणों के इस आंदोलन को देखते हुए तीन थानों की पुलिस सेरेंगदा में कैंप कर रही है। इधर, शनिवार को सेरेंगदा बाजार बंद रहा।

### उग्रवादियों ने दो लोगों की कर दी थी हत्या

**यह** मामला बालू के अवैध धंधे से शुरू हुआ है। गौरतलब है कि बालू उठाव को लेकर उग्रवादियों ने 24 नवंबर को गिरू गांव के बिनोद तांती व घनसा टोपनो की हत्या कर दी थी। दो दिन बाद 26 नवंबर को भरडीहा बाजार में सेरेंगदा के नमन लोमगा को भी मार डाला। इन तीन युवकों की हत्या के बाद भी उग्रवादियों पर पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज ग्रामीणों ने खुद ही हथियार उठा लिया और उग्रवादियों का सेंदरा शुरू कर दिया।

## अज्ञात अपराधियों ने सोनू चंद्रवंशी पर चलायी गोली, बाल-बाल बचे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी अमरजीत चंद्रवंशी के भतीजा सोनू चंद्रवंशी को बीती रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मारने का प्रयास किया। जिसमें सोनू चंद्रवंशी बाल-बाल बच गये। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि शनिवार की रात करीब 8:00 बजे सोनू चंद्रवंशी नौडीहा बाजार से अपने कार पर सवार होकर अपने घर लक्ष्मीपुर आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में देवनदह नदी पुल के पास स्कॉर्पियो पर सवार अज्ञात अपराधियों ने सोनू चंद्रवंशी पर गोली चला दी जिसमें सोनू चंद्रवंशी बाल बाल बच गये। इस घटना के बाद सोनू के द्वारा घटना की जानकारी नौडीहा बाजार थाना की पुलिस को दी गयी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।वही इस घटना के बाद से सोनू चंद्रवंशी और उनके परिवार दहशत में है।

## झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक हुई सम्पन्न

**गुमला** : गुमला ब्लॉक परिसर में रविवार की अपराह्न 3:00 बजे झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी ने किया। बैठक में सीआरसी कमेटी को मजबूत करते हुए प्रखंड व जिला कमेटी में सभी रसोइया संयोजिका और अध्यक्ष को सदस्य बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में राजकीय कृत मध्य विद्यालय चरका टांगर की रसोइया के निधन हो जाने पर आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। उसकी बेटी लक्ष्मी कुमारी को आर्थिक सहयोग किया गया। साथ ही प्रशासन से परिवार को मदद करने का आग्रह किया गया। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष शोभा देवी विनायकी देवी ने किया।

## एक झलक

### गिरिडीह में साइबर ठगी के तीन आरोपित गिरफ्तार

**गिरिडीह** : साइबर थाना पुलिस ने रविवार को तीन शातिर अपराधियों को दबोचा है। इस बाबत एसपी डॉक्टर विमल कुमार और साइबर डीएसपी आबिद खान ने पत्रकार वार्ता में बताया कि गिरफ्तार तीनों अपराधी गिरिडीह जिले के अहिल्यापुर थाना इलाके के पंदनिया गांव के हैं। इनमें पंकज मंडल, कैलाश मंडल और दीपक मंडल शामिल हैं। बताया गया कि इनमें से एक पंकज मंडल ने साइबर अपराध से एक नया स्कार्पियो गाड़ी तक खरीद लिया। तीनों अपराधियों के पास से तीन सिम कार्ड के साथ तीन स्मार्ट मोबाइल भी बरामद किया गये हैं। तीनों मोबाइल और सिम कार्ड को खंगाला जा रहा है। तीनों को सुबह में उस वक्त पर दबोचा गया जब तीनों अपराधी गांडेय थाना इलाके के डाक बंगला रोड में सड़क किनारे अपराध कि योजना ही बना रहे थे। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर तीनों को दबोचा गया। एसपी ने बताया कि तीनों अपराधी किसी भी नम्बर पर कॉल कर बिजली विभाग के अधिकारी बनकर उनसे बात करते और सामने वाले से कहते कि उनका बिजली बिल काफी बकाया है। यदि बिल जमा नहीं किया तो लाइन काट दिया जाएगा। इसके अलावा व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेज कर नंबर हैक कर ठगी करते थे।

### दो भालू के हमले से महिला घायल

**गुमला** : बिशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंजीरा जंगल चेक डैम के समीप दो भालुओं के हमले से चापा टोली निवासी 40 वर्षीय पोको देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत उसे सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक महिला अपने पुत्र व पुत्री के साथ मंजीरा जंगल लकड़ी चुनने गई थी तभी अचानक झाड़ी से नर और मादा दो भालू निकले और महिला पर हमला कर दिया। मां पर हमला होते देख दोनों बच्चे चिल्लाने लगे। महिला जमीन पर गिर गई इसके बाद भालू वहां से भाग गए। घटना में महिला के सिर चेहरा और पैर में गंभीर जख्म हुआ। दोनों भाई-बहन किसी तरह महिला को लेकर घर पहुंचे। इसके बाद अस्पताल ले जाया गया। वहीं सदर अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी पर वन विभाग के फॉरेस्टर रोशन सिंह सदर अस्पताल पहुंचे और तत्काल इलाज हेतु परिजनों को 10 हजार नगद दिया। वहीं रोशन सिंह ने कहा कागजी कार्रवाई पूर्ण होने के बाद पीड़ित परिवार को और भी मुआवजा राशि दी जायेगी।

### मां वैष्णों देवी मंदिर निर्माण समिति ने किया भंडारे का आयोजन

**कोडरमा** : असनाबाद टीओपी से महज 4 सौ मीटर की दूरी पर निर्माणधीन मां वैष्णो देवी मंदिर प्रांगण में महीने के प्रत्येक पहले शनिवार को मंदिर कमिटी की ओर से भंडारे का आयोजन किया जाता है। बताते चले कि समिति के द्वारा यह आयोजन स्थानीय श्रद्धालुओं और भक्तों के सहयोग से किया जाता है वहीं स्थानीय युवकों की कठिन परिश्रम से ही यह आयोजन संभव हो पाता है। समिति के सचिव चंदन चक्रवर्ती ने बताया कि यह आयोजन लगभग डेढ़ वर्षों से आयोजित की जा रही है।

# नववर्ष के लिए सजने लगे हैं चतरा के पिकनिक स्पॉट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चतरा में जंगल, पहाड़, नदी, झरना और तीर्थ स्थल सभी नववर्ष पर आगंतुकों के स्वागत के लिए तैयार हैं। जी हां, नव वर्ष 2025 के आगमन की तिथि अब महज 28 दिन बच गए हैं। इससे पहले अभी से ही नये वर्ष की उमंग, उल्लास एवं उत्साह बढ़ने लगी है। जंगलों, पहाड़ों, नदियों एवं झरनों की प्राकृतिक गोद से कोयल की कूक-कूक भरी मीठी कलरव लोगों को अभी से ही निमंत्रण देने लगी है। पर्यटन स्थलों की प्राकृतिक सौंदर्य की आभा लोगों को अभी से ही अपनी ओर मंत्रमुग्ध कर रही है। प्राकृतिक छटा उनके बीच जंगली पक्षियों की कलरव सुनते ही बन रहा है। सभी ओर नव वर्ष की स्वागत और जश्न की तैयारियां जोरों पर है। युवा वर्ग जहां वनभोज की तैयारी में जुटा हैं, वहीं बुजुर्गों की टोली विभिन्न मठ-मंदिरों में मत्था टेककर नव वर्ष की शुरूआत करना चाहते हैं। इस वर्ष विशेष तौर पर पिकनिक स्पॉट पर लोग अभी से ही दिखने लगे हैं। बुढ़े, युवा, बच्चे, महिला व पुरुष सभी नव वर्ष के स्वागत और वनभोज की तैयारी कर रहे हैं। चतरा जिले के पत्थलगडा में कई पिकनिक स्पॉट हैं। जहां लोग परिवारों के साथ पहुंचकर वनभोज का आनंद उठाते हैं।

**आकर्षण का केन्द्र है लेंबोइया पहाड़ी, उमड़ती है भीड़**

**प्रखंड** का प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल लेंबोइया पहाड़ी नए साल पर आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहता है। यहां पत्थलगडा समेत दूर-दराज से लोग पहुंचते हैं और पिकनिक मनाते हैं। यहां मां दक्षिणेश्वरी देवी चामुंडा की पौराणिक प्रतिमा स्थापित है। यहां पहुंचने वाले आगंतुक मंदिर में मत्था टेकते हैं और नव वर्ष के मंगलमय जीवन यापन की कामना करते हैं। पहाड़ी से सटे पुरनिया बांध और पटना आहर के तराई में भी लोग नये साल पर पिकनिक मनाने के लिए जुटते हैं।



**पुरनिया और कोराम्बे पहाड़ी की प्राकृतिक छटा करती है आकर्षित**

**प्रखंड** मुख्यालय से दो किमी उत्तर दिशा में स्थित प्रखंड का पौराणिक स्थल पुरनिया पहाड़ और पूर्वी छोर पर स्थित कोराम्बे पहाड़ भी नए साल पर लोगों को नई उमंग देता है। पुरनिया पहाड़ के तराई में बजरंग वाटिका बनाई गई है। जहां लोग पुरे परिवार समेत पहुंचते हैं और वनभोज का लुत्फ उठाते हुए सैर सपाटा करते हैं। यहां का झरना लोगों को खुब लुभाता है। वही कोरांबे पहाड़ी की तलहटी में बहते झरनों की कलकल की धारा के बीच लोग नए साल में जश्न मनाने पहुंचते हैं। यहां वनभोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। यहां पहाड़ी के तलहटी में स्थापित बाबा भैरव स्थान लोगों के लिए आस्था का केंद्र होता है।

**बुद्ध नदी में स्नान और वनभोज के लिए उमड़ती है हजारों की भीड़**

**प्रखंड** के नावाडीह डमौल सीमाना पर स्थित बासुदेव मठ में भी नव वर्ष पर काफी भीड़ उमड़ती है। यहां बुद्ध नदी की बहती कलकल धारा के बीच लोग नए साल का उमंग और उत्साह मनाते हैं। नए साल पर यहां बुद्ध नदी में डुबकी लगाने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ती है। लोग आस्था के साथ यहां डुबकी लगाकर स्नान करते हैं फिर बासुदेव मठ में मत्था टेककर विधिवत पूजा अर्चना कर नए वर्ष में सुख एवं समृद्धि की कामना करने लोग पहुंचते हैं। यहां वनभोज के लिए भी दूर दराज से लोगों का पहुंचना होता है। लोग गाजे बाजे के साथ यह नए साल पर जश्न मनाने पहुंचते हैं।

## पप्पू मेहता नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डोमचांच** : डोमचांच नगर क्षेत्र के सीएम. प्लस टू स्कूल पानी टंकी के पास खेल मैदान में दिन रविवार को 11:00 बजे पप्पू मेहता नॉकआउट नगर पंचायत डोमचांच क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूनार्मेंट में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता सह संजय मेहता, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजद के प्रदेश महासचिव रोहित मेहता, राजद युवा जिला अध्यक्ष मनोज रजक, समाजसेवी संजय मेहता, दिलीप मेहता, वार्ड सदस्य नीलकंठ मेहता, बिट्टू मोदी मुख्य रूप से उपस्थित थे। सबसे पहले क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन अतिथि संजय मेहता एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। क्रिकेट टूनार्मेंट के स्पॉन्सर सह डोमचांच नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता के द्वारा सभी खिलाड़ियों को शर्ट दिया गया इसके बाद उन्होंने दोनो टीमों के कप्तानों के मौजूदगी में टॉस उडाया। यह मैच वार्ड संख्या दो एवं 13 के बीच खेला जा रहा है। पप्पू मेहता नॉकआउट डोमचांच नगर पंचायत क्रिकेट टूर्नामेंट को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय मेहता ने कहां कि बच्चे आज क्रिकेट खेल कर अपने और अपने समाज का नाम को रोशन कर रहे हैं बस समय-समय पर इस तरह का आयोजन होने से उनका मनोबल बढ़ता है। वहीं संयुक्त रूप से विशिष्ट अतिथि रोहित मेहता मनोज रजक संजय मेहता दिलीप मेहता नीलकंठ मेहता, बिट्टू मोदी ने कहा कि क्रिकेट मैच का आयोजन होने से यहां के बच्चों में काफी खुशी देखने को मिल रहा और यहां के बच्चे काफी मेहनती हैं। क्रिकेट टूनार्मेंट को संबोधित करते हुए मैच के स्पॉन्सर पप्पू मेहता ने कहा कि डोमचांच में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस उसको निखारने की आवश्यकता है इस मैच का मकसद यही है कि यहां के बच्चों के प्रतिभा को निखरना है ताकि यहां के बच्चे डोमचांच नगर पंचायत एवं जिला का नाम रौशन के साथ अपने राज्य एवं देश का नाम इतिहास रच सके।

## एमजीएम स्कूल बोकारो की आस्था पांडे का राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए चयन



**बोकारो** : स्कूल की दसवीं की छात्रा आस्था पांडे का चयन त्रिपुरा में होने वाले अंडर 17 एसजीएफआई राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है, इस प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 15 दिसंबर तक त्रिपुरा में होगा। आस्था पांडे का चयन पिछले दिनों खेलगांव रांची में हुए राज्य जूडो खुली चयन प्रक्रिया के द्वारा किया गया था। खिलाड़ी छात्रा के चयन पर एमजीएम स्कूल के जूडो प्रशिक्षक राजीव कुमार सिंह ने खुशी जताई तथा उन्होंने कहा कि आस्था पांडे एसजीएफआई राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में अच्छा करेगी।

## संडे कटौती का विरोध, मगध प्रबंधन के खिलाफ वर्करों ने की नारेबाजी

**एजेंसी**

**चतरा** : संडे कटौती के विरोध में मगध कोल परियोजना में वर्करों ने विरोध शुरू कर दिया है। कटौती के खिलाफ मगध परियोजना के मुख्य द्वार पर रविवार को वर्करों ने जमकर बवाल काटा। इस दौरान मगध प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। वर्करों ने मगध प्रबंधन होश में आओ, मुनाफा हम देते हैं तो हमारा वेतन कटौती बन्द करो। मजदूर एकता जिंदाबाद आदि में नारे लगा रहे थे। इस दौरान प्रदीप सिंह ने कहा कि मगध प्रबंधन मुनाफा में चल रहा है। पूरे सीसीएल में 25 प्रतिशत मुनाफा सिर्फ मगध परियोजना के हिस्से से जाता है। इसके बावजूद मजदूरों का संडे कटौती कर दिया गया है।




उन्होंने कहा कि हमारे मुनाफे से दूसरे प्रोजेक्ट को चलाया जा रहा है और हमलोगों का संडे कटौती किया जा रहा है। यह उचित नही है। उन्होंने कहा कि अगर कटौती बन्द नही किया गया तो माइंस से लेकर ट्रांसपोर्टिंग बंद कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि बिना बुनियादी सुविधा के वर्कर मगध कोल परियोजना में कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद वर्करों का संडे कटौती कही से भी उचित नही है। मौके पर मजदूर यूनियन के यूनियन गणेश कुमार, राहुल कुमार सिंह, राजू गोप, वसीम अख्तर, जितेंद्र कुमार, राधा देवी, सुलेखा कुमारी, विकास पांडेय, कुमार आलोक व अन्य उपस्थित थे।

## युवा सीरीज में कोडरमा के 05 खिलाड़ियों का चयन, हुए रवाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा जिला कबड्डी संघ के खिलाड़ियों ने कोडरमा जिले में एक बार फिर से नई इतिहास रच दिया है। भारत में प्रो कबड्डी के बाद दूसरे पायदान कर आने वाले कबड्डी युवा सीरीज में कोडरमा जिले के 5 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। बता दें कि कबड्डी खिलाड़ियों के लिए प्रो कबड्डी एवं अंतरराष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिताओं में जाने के लिए युवा सीरीज बहुत हीं बेहतरीन मंच है। इस मंच पर खेलने के लिए कबड्डी खिलाड़ियों को कई प्रकार के प्रतियोगिताओं एवं परीक्षाओं में से गुजरना पड़ता है। बता दें कि कोडरमंजिला कबड्डी संघ के नवाज दिलशान, गौतम कुमार, विल्सन पॉल, शुभम कुमार, बिट्टू कुमार का चयन हुआ ये सभी खिलाड़ी कोडरमा जिला कबड्डी संघ के अंतर्गत प्रशिक्षण लेते आ रहें हैं एवं अपनी कड़ी मेहनत से उक्त प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। कोडरमा जिला कबड्डी संघ के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। ये सभी खिलाड़ी कम सुविधाओं में हीं अच्छे प्रदर्शन कर रहे हैं। बता दें कि यह प्रतियोगिता कई ऑनलाइन ऐप एवं कई देशों में अंतराष्ट्रीय प्लेटफार्म पर लाइव प्रसारित किया जाता है।

## एटीएम कार्ड के साथ दो साइबर अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़े




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुमका** : जिले के शिकारीपाड़ा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बाइक से पश्चिम बंगाल की ओर जा रहे दो साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों में सरफराज आलम और सिराज अंसारी है। ये दोनों देवघर जिला के सारठ थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने हॉरनेट बाइक के साथ शिकारीपाड़ा कॉलेज के सामने इन्हें पकड़ा और जब उनकी तलाशी ली गई तो 12 एटीएम कार्ड बरामद हुआ। खास बात यह है कि बरामद सभी एटीएम कार्ड कई लोगों के नाम से है। दरअसल ये दूसरों के बैंक खातों के एटीएम कार्ड अपने पास रखते और जब साइबर क्राइम से रुपये उड़ाते तो उन खातों में ट्रांसफर कर एटीएम के माध्यम से निकाल लेते। मामले में एसआई आनन्द हेम्ब्रम के बयान पर एफआईआर दर्ज किया गया।

## लोहरदगा में सेवा भारती का नि :शुल्क चिकित्सा शिविर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**लोहरदगा** : सेवा भारती के तत्वावधान में चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल और संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 52 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि प्रतिदिन नियमित रूप से कम से कम आधे घंटे के योग एवं व्यायाम करने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है और कहा कि किसी भी तरह के स्वास्थ की जांच कराने से घबराएं नहीं और नी संकोच अपना जांच कराएं। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि इस बढ़ते ठंड के मौसम पर बच्चों एवं बुजुर्गों को ख्यास ध्यान देने की आवश्यकता है। हर समय गुनगुना पानी का ही सेवन करें। सह सचिव संजय चौधरी ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करा कर जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

## जादूगोड़ा में हाथियों का उत्पात, खेतों में लगी फसल रौंदी

**एजेंसी**

**जमशेदपुर** : पूर्वी सिंहभूम जिले के जादूगोड़ा में जंगली हाथियों ने दस्तक दी है। खेतों में लगी धान की फसल की महक से हाथी अब गांवों की ओर रुख कर रहे हैं। शनिवार की रात तीन हाथियों का झुंड जादूगोड़ा के भाटीन गांव के झापार टोला पहुंचा। झुंड में एक बच्चा भी शामिल है। हाथियों ने गांव के उतरा व संतोष सरदार के कई एकड़ खेत में लगी धान की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। हाथियों ने इसके पूर्व रंकणी मंदिर से सटे धीरोल पंचायत के नूतन डीह गांव में भी उत्पात मचाया। गांव के रामेश्वर सरदार, वैरव सरदार, मनोज सरदार,



कार्तिक सरदार,मंगल सरदार व आशीष सरदार के खेतों में घुसकर धान की फसल को रौंद दिया।

**वन विभाग ने ग्रामीणों में बाटे फटाखे**

**ओडिशा** से भटक कर आया तीन हाथियों का झुंड जादूगोड़ा के भाटीन गांव से सटे जंगलों में डेरा जमाया है। झुंड में एक बच्चा भी है। हाथियों के उत्पात की सूचना के बाद जादूगोड़ा वन विभाग के वनरक्षी अरुण कुमार ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने भाटीन व झापार कोचा के ग्रामीणों फटाखों का वितरण किया। इस बाबत अरुण कुमार ने कहा कि हाथी ओडिशा से भटक कर जादूगोड़ा पहुंचे हैं। इन्हें वापस भेजने की तैयारी चल रही है।

**रात में पुआल जला कर खेतों की रक्षा कर रहे किसान**

**हाथियों** के उत्पात के बाद भाटीन गांव के झापार कोचा के ग्रामीण खेत में लगी धान की फसल को बचाने के लिए रात भर पुआल जलाकर खेत में रतजगा कर रहे हैं। पीड़ित किसान संतोष सरदार ने बताया कि बीते दो दिनों से हाथी गांव से सटे जंगल में डेरा डाले हुए हैं। शाम होते ही वे गांव के खेतों में उतर आते हैं और धान की फसल को खाने के साथ ही पैर से रौंदकर बर्बाद भी कर रहे हैं। हाथी गांव के तालाब में खूब मस्ती भी करते हैं और सुबह होते ही जंगल में लौट जाते हैं।

## एसएसपी किशोर कौशल ने स्कूली बच्चों संग मनाया पिकनिक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के एसएसपी किशोर कौशल ने रविवार को सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र डुमरिया के लखईडीह गांव के 215 बच्चों के साथ पिकनिक मनायी। ये बच्चे नेताजी सुभाष आवासीय विद्यालय और उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र हैं। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को जमशेदपुर के टाटा स्टील चिड़ियाघर घुमाया गया। चिड़ियाघर भ्रमण के दौरान बच्चों ने वन्यजीवों को नजदीक से देखा और उनके बारे में कई नई जानकारियां हासिल की। एसएसपी ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनसे विभिन्न विषयों पर बातचीत की। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर उत्साह और खुशी देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का भी वितरण किया गया। इसके साथ उन्हें शिक्षा के महत्व और अनुशासन के प्रति जागरूक किया गया। इस आयोजन से बच्चों के साथ-साथ उनके शिक्षकों और पुलिस कर्मियों ने भी आनंद लिया। एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल बच्चों को प्रेरित करते हैं, बल्कि पुलिस और समाज के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने का माध्यम भी बनते हैं। एसएसपी ने कहा कि इस पहल को समाज के विभिन्न तबकों से सराहना मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए इस तरह के आयोजन उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का सराहनीय प्रयास हैं। जमशेदपुर पुलिस की यह पहल सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है।



# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का अद्भुत आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया, तत्पश्चात सभी प्रमुख यशस्वी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु अनामिका - सोनाली ग्रुप द्वारा स्वागत नृत्य से सभी के मन विभोर किया तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत कर सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया।शैक्षणिक समन्वयक सौरभ शर्मा ने महाविद्यालय द्वारा प्राप्त विभिन्न उपलब्धियों एवं निरंतर आयोजित क्रियाकलापों को पी. पी. टी. द्वारा प्रस्तुत किया गया। ग्रिजली विद्यालय के ननिहालों द्वारा भव्य योगा नृत्य प्रस्तुत कर राष्ट्र के संस्कृति से जुड़े रहने की अपील की गई। महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2022-24 के प्रशिक्षु सह एलुमनी सदस्य ज्योति प्रसाद, उमेश दांगी, शम्मा प्रवीण, खुशबू रानी एवं आयुष रंजन ने महाविद्यालय के विभिन्न गतिविधि एवं क्रियाकलापों से संबंधित अपनी अनुभव साझा किए। बी. एड. सत्र 2024- 26 के नवीन प्रशिक्षुओं का प्रस्तावना करवाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कुमार महतो एवं सम्मानित अतिथि डॉ स्नेह प्रभा महतो सहित डॉ. बीरेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा बी. एड. सत्र 2022- 24 के प्रशिक्षुओं को उनके



उपलब्धियों पर पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र एवं उपहार भेंट किया गया। बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल के नन्हीं छात्रा काश्मी ने अपने मनमोहक भाषण से सभी को ऊजार्वान किया। मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों द्वारा महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं को बेस्ट एन एस एस वालंटियर्स हेतू प्रमाण पत्र एवं उपहार भेंट करते हुए उन्हें जीवन में सदैव उन्मुख होने हेतू शुभकामना दिया गया।*महाविद्यालय प्रशिक्षु विकास कुमार द्वारा रमणीय सोलो सॉन्ग ने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। महाविद्यालय प्रशिक्षु अनामिका एवं नूतन कुमारी द्वारा युगल नृत्य ने सदन को अभिभूत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार सेठ ने सदन में उपस्थित प्रमुख अतिथियों, महाविद्यालय के सभी सम्मानित सदस्यों, प्रशिक्षु एवं उनके सम्मानित अभिभवकों को उनके गरिमामयी उपस्थिति एवं महाविद्यालय की स्थापना दिवस सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम की हार्दिक बधाई देते हुए प्रशिक्षुओं से इंग्लिश कम्युनिकेशन पर विशेष ध्यान आकृष्ट करने पर बल दिया। तत्पश्चात बी. एड. सत्र 2022- 24 के प्रशिक्षुओं को शत प्रतिशत शिक्षण अभ्यास कार्य करने हेतु सभी सम्मानित अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड के बालिकाओं ने झारखंड लोक नृत्य के माध्यम से झारखंड की संस्कृति एवं सभ्यता से सराबोर किया। महाविद्यालय के उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ के बालिकाओं को उनके प्रफुलित प्रयास को उत्साहवर्धित कर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड एकेडमिक काउंसिल के चेयरमैन डॉ. अनिल कुमार महतो ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि शिक्षा मानव जीवन को सामान्य से विशिष्ट की ओर अग्रसर करता है, शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होते हैं, राष्ट्र निर्माण एवं विकास में इनकी भूमिका अति महत्वपूर्ण होती है।

## एक झलक

### न्यूजीलैंड की टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर

**वैलिंगटन** : इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 323 रनों से मिली हार के साथ ही न्यूजीलैंड की टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) फाइनल की रेस से बाहर हो गयी है। कीवी टीम को पहले मैच में भी 8 विकेट के हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को कोई अवसर नहीं दिया। उसने इस मैच में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 583 रन का बड़ा लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए कीवी टीम केवल 259 रन पर ही आउट हो गयी। उसे जीत के लिए अंतिम दोनों ही टेस्ट मैच जीतने थे पर उसमें वह असफल रही। अब फाइनल की रेस में भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीम है।

### कमाई में भी पीछे नहीं हैं ईशान

**मुम्बई** : भारतीय टीम से बाहर चल रहे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आजकल अपनी वापसी के प्रयास में लगे हैं और जब भी अवसर मिले बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करते हैं। ईशान अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इस बार उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड का केन्द्रीय अनुबंध नहीं मिला है। इसके बाद भी उनकी कमाई करोड़ों में है। एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल नेटवर्क 62 करोड़ रुपए के करीब है। वह आईपीएल से ही करोड़ों कमा लेते हैं। आईपीएल 2024 तक मुंबई इंडियंस ने ईशान को 15.25 करोड रुपए में रखा था। वहीं इस बार उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 11.25 करोड रुपए देने में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट से भी उन्हें एक अच्छी रकम मिल जाती है। इसके अलावा या बल्लेबाज ब्रांड एंडोर्समेंट के जरिए भी अच्छी कमाई कर लेता है। सोशल मीडिया अकाउंट पर अच्छी फैन फॉलोइंग होने के कारण कंपनियां इन्हें विज्ञापन करने का ऑफर देती हैं। ईशान किशन की ब्रांड वैल्यू में भी काफी उछाल देखने को मिला है पिछले 2 सालों में उनकी फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा बढ़ी है।

### एटकिंसन ने हैट्रिक लगायी

**वैलिंगटन** : इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां जारी दूसरे टेस्ट मैच में हैट्रिक लगाने के साथ ही एक नया रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ ही एटकिंसन इंग्लैंड की ओर से हैट्रिक लगाने वाले चौथे गेंदबाज बन गए हैं। वहीं बेसिन रिजर्व में यह पहली बार है जब किसी गेंदबाज ने टेस्ट में हैट्रिक लगायी है। एटकिंसन ने 31 रन देकर 4 विकेट लिए। एटकिंसन ने 34वें ओवर में नाथन स्मिथ, मैट हेनरी और टिम साउदी को लगातार गेंदों पर आउट किया। उनकी शानदार गेंदबाजी के बल पर इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड की टीम को पहली पारी को केवल 125 रनों पर ही आउट कर दिया। वहीं इंग्लैंड की ओर से ब्रायडन कार्स ने भी चार विकेट लिए जबकि क्रिस वोक्स और स्टोक्स को एक-एक सफलता मिली। इसके बाद जैकब बेथेल 96 और बेन डकेट के 92 रनों की सहायता से से इंग्लैंड ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 378 रन बनाकर 533 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर ली!

### सूर्यकुमार कर सकते हैं मुम्बई इंडियंस की कप्तानी

**मुम्बई** : मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या प्रतिबंध के कारण आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। पंड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। ऐसे में पहले मैच में मुम्बई इंडियंस को किसी और खिलाड़ी को कप्तान बनाना होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को इस मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी मिलेगी। सूर्या के अलावा अन्य कोई खिलाड़ी बड़ा दावेदार नहीं दिखता। पंड्या पर ये प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है क्योंकि वह पिछले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान थे और तब टीम अपना अंतिम मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलत हुए तय समय पर ओवर पूरे नहीं कर पायीं थीं। इस प्रकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसआई) के नियमों के अनुसार, पंड्या को एक मैच का प्रतिबंध झेलना होगा, चाहे वह किसी नई टीम से भी जुड़ जायें। मैच में ओवर समय पर पूरा नहीं करने की वजह से पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगा था।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को 10 विकेट से हराया

▸ **सीरीज 1-1 से बराबर**

एजेंसी

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले गए दूसरे टेस्ट (डे-नाइट) मैच में भारतीय टीम को 10 विकेट से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 19 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने बिना कोई विकेट गंवाए आसानी से हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर हो गई है। सीरीज का पहला टेस्ट भारतीय टीम ने 295 रन से अपने नाम किया था। मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी



करते हुए भारतीय टीम ने पहली पारी में 180 रन बनाए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए और 157 रनों की बढ़त हासिल की। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 175 रन बनाए और 18 रन की बढ़त हासिल की। इस तरह मेजबान टीम को 19 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बिना कोई नुकसान के जीत दर्ज कर ली। सलामी बल्लेबाजी उस्मान ख्वाजा नौ रन और नाथन मैकस्वीनी 10 रन बनाकर नाबाद रहे। सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन में 14 दिसंबर से खेला जाएगा। भारतीय टीम ने रविवार को पांच विकेट पर 128 रन से आगे खेलना शुरू किया। तीसरे दिन के पहले ही ओवर में बड़ा झटका लगा। ऋषभ पंत स्लिप में कैच आउट हो गए। पंत ने 28 रन बनाए। इसके बाद रविचन्द्रन अश्विन भी कुछ खास नहीं कर सके और सात रन बनाकर आउट हो गए। हर्षित राणा खाता भी नहीं खोल सके। नीतीश रेड्डी ने जरूर बल्ले से कुछ रन बटोरे। वह अर्धशतक से चूक गए और 47 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में मोहम्मद सिराज सात रन बनाकर आउट हुए और भारत की दूसरी पारी 175 रन पर सिमट गई। इससे पहले शनिवार को दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 24 रन, केएल राहुल सात रन, शुभमन गिल 28 रन, विराट कोहली 11 रन और कप्तान रोहित शर्मा छह रन बनाकर आउट हुए थे।

### ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 337 रन बनाए, हेड का शतक, लाबुशेन ने लगाया अर्धशतक

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड ने 141 गेंदों पर 17 चौके और 4 छक्के की बदौलत 140 रन बनाए। हेड के अलावा मार्नश लाबुशेन ने भी 64 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा नाथन मेकस्विनी ने 39 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने 4-4 और नीतीश रेड्डी और रविचन्द्रन अश्विन ने 1-1 विकेट लिया।

### भारत की पहली पारी 180 पर सिमटी, नीतीश रहे शीर्ष स्कोरर

इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए। भारत के लिए नीतीश रेड्डी शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने 42 रन बनाए। नीतीश के अलावा केएल राहुल ने 37, शुभमन गिल ने 31, रविचंद्रन अश्विन ने 22 और ऋषभ पंत ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टॉर्क ने 6 विकेट झटके। स्टॉर्क के अलावा कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट लिए।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने भारतीय टीम को हराया

▸ **सीरीज में 2-0 से आगे हुई**

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** एलिस पेरी और जॉर्जिया वोल के शतकों से ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने यहां दूसरे एकदिवसीय मैच में भारतीय महिला टीम को 122 रनों से हराने के साथ ही 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पैरी ने 105 जबकि वोल ने 101 रन बनाये इससे मेजबान टीम ने आठ विकेट पर 371 रनों का सबसे बड़ा एकदिवसीय स्कोर बनाया। जीत के लिए मिले इस लक्ष्य का पीछा करते



हुए भारतीय टीम 249 रन ही बना पायी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए फोबे लिचफील्ड 60 और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरूआत दिलाई। वोल ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल के आउट होने के बाद पैरी की आक्रामक बल्लेबाजी जारी रही। उसने बेथ मूनी 56 के साथ मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रही। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मिन्नू मनी ने 71 रन देकर दो विकेट वहीं रेणुका सिंह ने 78 रन पर एक विकेट लिया।, दीप्ति शर्मा ने 59 रन देक एक विकेट जबकि प्रिया मिश्रा ने भी 88 रन पर एक विकट लिया। मेजबान टीम ने पहले मैच में भी भारतीय टीम को 5 विकेट से हराया था। ऐसे में अब वह सीरीज में 2-0 से आगे हो गयी है।

## शमी भेजे जा सकते हैं ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को बॉर्डर गावस्कर सीरीज के बचे हुए मैचों के लिए शीघ्र ही ऑस्ट्रेलिया भेजा जा सकता है। भारतीय टीम को सीरीज के दूसरे ही मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में शमी के जाने से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर से दबाव कम होगा। शमी अभी बंगाल की ओर से सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में खेल रहे हैं। यहां उनको फिटनेस में अभी तक कोई समस्या नहीं हुई है। ऐसे में एनसीए की मेडिकल टीम उनकी फिटनेस की जांच करेगी और सब कुछ ठीक होने



पर उन्हें दौरे पर भेजा जा सकता है। ऐसे में माना जा रहा है कि वह 26 दिसंबर ह्यबॉक्सिंग डेह्न से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट में खेल सकते हैं। वहीं प्राप्ति जानकारी के अनुसार शमी की किट पहले ही ऑस्ट्रेलिया भेज दी गई है। ऐसे में अब वह मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूनार्मेंट के पूरा होने के बाद ऑस्ट्रेलिया जाएंगे।ह्व शमी पिछले एक साल से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने भारतीय टीम की ओर से पिछला टूनार्मेंट नवंबर 2023 में एकदिवसीय विश्व कप खेला था। उसके बाद से ही टखने की सर्जरी के कारण उन्हें लंबे समय तक टीम से बाहर रहना पड़ा। दूसरी ओर बंगाल के मुख्य कोच लक्ष्मी रतन शुक्ला ने कहा, शमी चंडीगढ़ के खिलाफ हमारे लिए प्री-क्वार्टर फाइनल खेलेंगे।वह कल तक बेंगलुरु में हमारे साथ जुड़ जाएंगे. हालांकि, मुझे नहीं पता कि अगर हम क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं तो वह उपलब्ध होंगे या नहीं।

## पहले टेस्ट की हार को भूलकर उतरने से मिली ये जीत : स्टार्क

एजेंसी

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने यहां भारतीय टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मिली शानदार जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि उनकी टीम पर्थ में मिली असफलता को भुलाकर इस मैच में उतरी थी। इसलिए उसे इसमें अच्छी सफलता मिली। स्टार्क के अनुसार पहले टेस्ट में मिली हार के बाद उनकी टीम ने बाहर की बातों पर ध्यान न देते हुए प्रसास किया जिससे वह वापसी में सफल रही। पर्थ में खेले गये पहले टेस्ट में भारत को पहली पारी में सिर्फ 150 रन पर आउट करने के बावजूद 295 रन की शर्मनाक हार से मेजबान टीम को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। स्टार्क ने दूसरे टेस्ट की पहली




ही गेंद पर यशस्वी जयसवाल को आउट करके ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरूआत दिलायी। उन्होंने इस मैच में 108 रन पर आठ विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में इस गेंदबाजी ने छह विकेट लेकर भारतीय टीम पर दबाव बना दिया। स्टार्क ने कहा, पहले मैच के बाद बाहर काफी शोर हुआ था पर हमने पर्थ की निराशा को पर्थ में ही छोड़ दिया था।

### ये सप्ताह हमारे लिए अच्छा नहीं रहा : रोहित

**ऐडीलेड ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में मिली करारी हार पर निराशा जताते हुए कहा कि यह सप्ताह हमारे लिए अच्छा नहीं रहा और हम पर्याप्त रन नहीं बना पाये। भारतीय टीम को इस मैच में 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। टीम के बल्लेबाज दोनो ही पारियों में विफल रहे जिसे टीम एक बार भी 90 ओवरा पूरे नहीं खेल पायी। रोहित ने टीम के प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए कहा, हमारे लिए निराशाजनक सप्ताह रहा, हम खेल जीतने के लिए पर्याप्त रूप से अच्छा नहीं खेले और मेजबान टीम ने हर क्षेत्र में हमसे बेहतर खेला। खेल में कई बार ऐसे अवसर आए जब हम उनका लाभ उठाकर हावी हो सकते थे पर हम ऐसा नहीं कर पाये जिससे हमें हार का समाना करना ।

## हरियाणा की महिलाओं ने तीसरे दिन जीते 07 स्वर्ण

एजेंसी

**बेंगलुरु** : हरियाणा ने यहां कोरामंगला इनडोर स्टेडियम में चल रहे सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप 2024 के अंतिम दिन रविवार को महिलाओं की श्रेणी में सात स्वर्ण पदक जीते। पहले पुरुषों के फ्रीस्टाइल डिवीजन पर हावी होने के बाद, हरियाणा ने महिला वर्ग में 10 स्वर्ण पदकों में से आठ जीतकर कुल 235 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। हरियाणा के कई स्वर्ण पदक विजेताओं के बीच मुख्य आकर्षण का केंद्र राधिका (68 किग्रा) थीं, जिन्होंने इस साल अप्रैल में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रजत जीता था। शुरूआती दौर में बाई मिलने के बाद, उन्होंने मध्य प्रदेश के अंजलि करोस के खिलाफ श्रेष्ठता (वीएसयू) द्वारा एक जोरदार जीत के साथ अपने




अभियान की शुरूआत की, इसके बाद क्वार्टरफाइनल में हिमाचल प्रदेश की सोनिका कुमार को शिकस्त दी। 23 वर्षीय राधिका, जिन्होंने एशियाई खेल 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व किया, ने सेमीफाइनल में कर्नाटक के लीना एंथोनी को हराया और फिर 68 किग्रा श्रेणी के फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराकर स्वर्ण जीता। राधिका ने डब्ल्यूएफआई रिलीज के हवाले से कहा, ₹मैं इस प्रतियोगिता के लिए आने से पहले आश्वस्त महसूस कर रहा थी और मैं स्वर्ण जीतने पर खुश हूं। अंतिम बाउट सबसे चुनौतीपूर्ण था, लेकिन प्रतियोगिता का स्तर ही यही है। राधिका का अगला लक्ष्य अब आगामी एशियाई खेल 2026 है। उन्होंने कहा, ₹मैं एशियाई खेलों में अपने मैचअप से पहले बीमार हो गया थी और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी, लेकिन मुझे यह भी एहसास हुआ कि मुझे उस स्तर पर सफल होने के लिए सुधार करना चाहिए। मैं 2026 एशियाई खेलों पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं और भारत के लिए एक स्वर्ण पदक वापस लाना चाहती हूं। अन्य पहलवानों में ज्योति ने राजस्थान के कविटा एम को हराकर 53 किग्रा के फाइनल में जीत हासिल की, जबकि मीनाक्षी ने 55 किग्रा के फाइनल में एसएससीबी की ज्योति को हराया। तपस्या (57 किग्रा) और अंजलि (59 किग्रा) ने हरियाणा के लिए दो और स्वर्ण जीते, दोनों ने क्रमशः महाराष्ट्र की आशलेश और पंजाब की तनु को हराया।

## गावस्कर ने नीतीश को भविष्य का सितारा बताया

एजेंसी

**एडीलेड ।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने यहां गुलाबी गेंद से खेल जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए युवा नीतीश रेड्डी की जमकर प्रशंसा की है। नीतीश ने यहां भारतीय टीम की ओर से पहली पारी में सबसे अधिक रन बनाये। नीतीश ने पहले टेस्ट में भी अच्छी बल्लेबाजी की थी। दूसरे टेस्ट में जब भारतीय टीम संकट में थी। उस समय नीतीश ने निडर होकर आक्रामक बल्लेबाजी की थी। उसी कारण से भारतीय टीम पहली पारी में 180 रन तक पहुंच पायी। नीतीश ने सबसे अधिक 42 रन




बनाये। अपनी पारी में नीतीश ने 3 चौके औ? 3 छक्के लगाए। पारी के दौरान नीतीश ने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की गेंदों पर भी आसानी से बड़े शॉट लगा दिये। जिससे प्रशंसक भी उत्साहित हैं। नीतीश ने रिवर्स स्वीप और कवर के ऊपर से कई ऐसे शॉट मारे जिसे देखकर हर कोई हैरत में पड़ गया। गावस्कर भी नीतीश की इसी खूबी से बेहद प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से इस युवा ने अब तक खेला है उससे तय है कि ये भविष्य में एक स्टार क्रिकेटर बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि, उसने जिस अंदाज में शॉट मारे उसे देखकर समझा जा सकता है कि उसमें कितना आत्मविश्वास हैं। उसने बिना किसी डर के उसने बल्लेबाजी की औ? दिखाया कि उसके अंदर भरपूर टैलेंट है.। इससे पता चलता है कि उसमें एक शीर्ष खिलाड़ी बनने की प्रतिभा है। साथ ही कहा कि वह आने वाले समय में भारत के लिए लगातार टेस्ट खेलते हुए एक नया सुपरस्टार बनेगा। गावस्कर ने भी कहा कि, उसने अपने दूसरे ही टेस्ट में जिस अंदाज में रिवर्स शॉट मारे हैं उसे देखकर मैं हैरान रह गया हूं।

### सिराज ने हेड के दावों को गलत बताते हुए कहा

## मैंने कोई टिप्पणी नहीं की थी

एजेंसी

**एडिलेड ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां हुए दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ट्रेविस हेड के बीच विवाद भी हुआ। उसी को लेकर सिराज ने हेड के दावे को गलत बताया है। सिराज ने कहा कि मैंने हेड पर कोई टिप्पणी नहीं की थी। इस मैच में विवाद उस समय शुरू हुआ जब सिराज ने छक्का लगने के तुरंत बाद हेड का विकेट लिय। आउट होने के बाद सिराज ने ड्रेसिंग रूम की ओर कुछ इशारा किया, जिस पर हेड ने प्रतिक्रिया दी। इस



घटना को लेक हेड ने कहा कि उन्होंने सिराज की गेंद की तारीफ की थी पर उनका मानना था कि इस पर जश्न मनाने की जरुरत नहीं थी।हेड ने कहा, मैंने वास्तव में मजाक में कहा था अच्छी गेंदबाजी की, फिर उन्होंने मुझे शेड की ओर इशारा किया, इसपर मैंने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। मैं इसे ज्यादा खींचना नहीं चाहता था इसलिए पेवेलियन की ओर बढ़ या। वहीं दूसरी ओर पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह के साथ बातचीत में सिराज ने हेड के दावे को गलत बताया। सिराज ने कहा, आपने टीवी पर जो कुछ भी देखा, वह मेरे जश्न का हिस्सा था और मैंने किसी के प्रति अनादर नहीं जताया। उन्होंने कभी नहीं कहा कि अच्छी गेंदबाजी की।

## डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया

▸ **तीसरे स्थान पर फिसली भारतीय टीम**

एजेंसी

**एडीलेड** : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में मिली करारी हार के बाद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनपशिप (डब्लयूटीसी) अंक तालिका में तीसरे स्थान पर फिसल गयी है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले स्थान पर जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर आ गयी है। ऐसे में अगले साल जून में लॉर्ड्स में होने वाला फाइनल के किन टीमों के बीच होगा। ये तय नहीं हो



पाया है। 2023-25 चक्र के लिए दक्षिण अफ्रीका (पीसीटी 59.26) इस दौड़ में भारत (पीसीटी 57.29) से आगे निकल गया है और अब दूसरे नंबर पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया (पीसीटी 60.71) पहले स्थान पर है। एडिलेड टेस्ट की शुरूआत से पहले तालिका में शीर्ष पर रहने वाली भारतीय टीम दो स्थान नीचे फिसलकर तीसरे स्थान पर आ गयी है। पहले भारतीय टीम को अपनी दावेदारी पक्की करने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेच हुए तीन ही मैच जीतने होंगे। अंक तालिक में अब टीमों की स्थित इस प्रकार है। ऑस्ट्रेलिया ने 14 में से 9 मैच जीते हैं और व 60.71 अंक प्रतिशत के साथ ही पहले स्थान पर है। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम 9 मैच में से 5 जीतकर 59.26 अंक प्रतिशत लेकर दूसरे नंबर पर है जबकि भारतीय टीम 16 मैचों में से 9 जीतकर 57.29 अंक प्रतिशत के साथ ही तीसरे नंबर पर है।



हांगकांग में अमेरिका की ओलीविया वीवर और मिस्त्र की नोर अल महिला सेमीफाइनल में खेलती हुई।

## एक झलक

### भारत में एफडीआई निवेश 1,000 अरब डॉलर के पार

**नयी दिल्ली :** भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के दौरान 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। इससे वैश्विक स्तर पर एक सुरक्षित और प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में देश की प्रतिष्ठा को मान्यता मिलती है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार इक्विटी, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी सहित एफडीआई की कुल राशि इस अवधि के दौरान 1,033.40 अरब अमेरिकी डॉलर रही। आंकड़ों के मुताबिक लगभग 25 प्रतिशत एफडीआई मॉरीशस मार्ग से आया। इसके बाद सिंगापुर (24 प्रतिशत), अमेरिका (10 प्रतिशत), नीदरलैंड (सात प्रतिशत), जापान (छह प्रतिशत), ब्रिटेन (पांच प्रतिशत), यूएई (तीन प्रतिशत) और केमैन आइलैंड्स, जर्मनी और साइप्रस की हिस्सेदारी रही। आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि के दौरान भारत को मॉरीशस से 177.18 अरब अमेरिकी डॉलर, सिंगापुर से 167.47 अरब अमेरिकी डॉलर और अमेरिका से 67.8 अरब अमेरिकी डॉलर मिले। इनमें से ज्यादातर निवेश सेवा क्षेत्र, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, दूरसंचार, व्यापार, निर्माण विकास, ऑटोमोबाइल, रसायन और दवा क्षेत्र में आया।

### नये साल में हुंडई बढायेगी अपनी कारों की कीमत

**नयी दिल्ली :** नये साल में हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने अपने वाहनों की कीमते बढाने का फैसला लिया है। कंपनी ने नए साल में 25,000 रुपये तक की वृद्धि करने की घोषणा की है। हुंडई ने बताया कि कच्चे माल की लागत, महंगे एक्सचेंज रेट और बढ़ती लॉजिस्टिक्स लागत के कारण यह कदम उठाना पड़ा है। एचएमआईएल के मुख्य परिचालन अधिकारी, तरुण गर्ग ने कहा कि कच्चे माल की कीमतों में निरंतर वृद्धि के कारण कंपनी के लिए इसे कीमतों में हल्के बदलाव के रूप में ग्राहकों पर असर डालने से बचना संभव नहीं था। यह मूल्य वृद्धि सभी मॉडलों पर लागू होगी, और कीमतों में वृद्धि की सीमा 25,000 रुपये तक होगी। वर्तमान में, एचएमआईएल की विभिन्न वाहन श्रृंखलाओं की कीमतें 5.92 लाख रुपये से लेकर 46.05 लाख रुपये तक हैं। हालांकि, कंपनी ने यह भी कहा कि वह हमेशा बढ़ती लागत को अपने ऊपर लेने की कोशिश करती है, ताकि ग्राहकों पर इसका न्यूनतम प्रभाव पड़े। इसके साथ ही, हुंडई मोटर ग्रुप ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा की है। हुंडई ने आईआईटी दिल्ली में एक हुंडई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित करने का भी निर्णय लिया है, जिसका उद्देश्य भारतीय बाजार की विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए बैटरी और इलेक्ट्रिक वाहन टेक्नोलॉजी में नवाचार को बढ़ावा देना है। इस साझेदारी के तहत, कंपनी बैटरी और इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी दिल्ली, आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी मद्रास के साथ काम करेगी। यह पांच सालों तक चलने वाली साझेदारी होगी, जिसमें लगभग 70 लाख डॉलर का निवेश किया जायेगा।

# छह मूल्यवान कम्पनियों का मार्केट कैप दो लाख करोड़ बढ़ा



**नयी दिल्ली :** देश की प्रमुख 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह का कुछ बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 2,03,116.81 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहे। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,906.33 अंक उछला और एनएसई निफ्टी 546.7 अंक चढ़ा। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और भारतीय स्टेट बैंक में बढ़त दर्ज हुई। दूसरी ओर भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर में गिरावट का सामना करना पड़ा। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 62,574.82 करोड़ रुपये बढ़कर 16,08,782.61 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 45,338.17 करोड़ रुपए बढ़कर 14,19,270.28 करोड़ रुपये, इंफोसिस का मूल्यांकन 26,885.8 करोड़ रुपये बढ़कर 7,98,560.13 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 26,185.14 करोड़ रुपये बढ़कर 17,75,176.68 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 22,311.55 करोड़ रुपये बढ़कर 7,71,087.17 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 19,821.33 करोड़ रुपये बढ़कर 9,37,545.57 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान हालांकि, भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 16,720.1 करोड़ रुपये घटकर 9,10,005.80 करोड़ रुपये और आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 7,256.27 करोड़ रुपये घटकर 5,89,572.01 करोड़ रुपये रह गया।

# अगले सप्ताह आईपीओ बाजार में होगी हलचल

**नयी दिल्ली :** अगले सप्ताह आईपीओ बाजार में हलचल मचने वाली है। विशाल मेगा मार्ट, टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स जैसी 11 कंपनियां अपने आरंभिक शेयर बिक्री (आईपीओ) के लिए तैयार हैं, जिनका सामूहिक लक्ष्य लगभग 18,500 करोड़ रुपये जुटाना है। इस दौरान पेश किए जाने वाले मुख्य बोर्ड के अन्य आईपीओ में इन्वेंटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड और ब्लैकस्टोन के स्वामित्व वाली डायमंड ग्रेडिंग कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड शामिल हैं। पांच मेनबोर्ड आईपीओ के साथ, छह सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एसएमई) अगले सप्ताह अपने पहले सार्वजनिक निर्गम जारी करने की तैयारी कर रहे हैं। इनका लक्ष्य सामूहिक रूप से 150 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने का है। साल 2024 में अब तक हुंडै मोटर इंडिया, स्विगी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, बजाज हाउसिंग फाइनेंस और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सहित 78 मुख्य बोर्ड की कंपनियों ने मुख्य बोर्ड के माध्यम से सामूहिक रूप से लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह 2023 में इस मार्ग से 57 कंपनियों द्वारा जुटाए गए 49,436 करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। विशाल मेगा मार्ट, साई लाइफ साइंसेज और मोबिक्विक के आईपीओ 11 दिसंबर को सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेंगे और 13 दिसंबर को बंद होंगे।

# एसपी ने वॉल्कन बजाज शोरूम में सीएनजी बाइक किया लॉन्च

- **ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए लोकप्रिय होगी बाइक : एसपी**



**रामगढ़ :** विश्व की पहली सीएनजी बाइक बजाज कंपनी ने लॉन्च की है। रामगढ़ शहर के वॉल्कन बाजार शोरूम में रविवार को एसपी अजय कुमार ने पल्सर एन-25 के नए मॉडल को लॉन्च किया। इस दौरान उन्होंने कंपनी और शोरूम के कर्मियों को बधाई दी। एसपी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण की वजह से हमारा समाज बीमार हो रहा है। सीएनजी बाइक इन सब प्रदूषण को तो दूर करेगी ही, साथ ही इसका बेहतरीन मॉडल और लुक ग्राहकों को भी पसंद आएगा। एसपी ने बताया कि पूरी दुनिया अब कृत्रिम चीजों से हटकर प्राकृतिक चीजों पर निर्भर हो रही है। पहले थ्री व्हीलर और फोर व्हीलर में सीएनजी का इस्तेमाल होता था। लेकिन अब टू व्हीलर भी सीएनजी के साथ सुरक्षित साबित होगा। उन्होंने बताया कि कंपनी का यह बेहतरीन फीचर लोगों को अच्छा लगेगा। उन्होंने कहा कि सीएनजी टैंक किसी भी परिस्थिति में विस्फोट नहीं करेगा, चाहे दुर्घटना कितनी भी बड़ी हो। कंपनी इस मानक पर अगर खरी उतरती है, तो सीएनजी बाइक की सड़कों पर एक नई पहचान बन सकती है। इस मौके पर शोरूम के मालिक दिनेश पोद्दार, वत्सल पोद्दार, विवेक पोद्दार, शोरूम मैनेजर अभिजीत कुमार सिंह, मोहित सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विदेशी निवेशकों ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में किया 24,454 करोड़ का निवेश

**नयी दिल्ली :** विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में मजबूत वापसी की है। पिछले दो महीनों में हुए बिकवाली के बाद विदेशी निवेशकों ने दिसंबर के पहले सप्ताह में 24,454 करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश किए हैं। इसके चलते भारतीय शेयर बाजारों में स्थिरता की संभावना बढ़ गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक वैश्विक हालात में स्थिरता और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। निवेशकों ने पिछले महीनों में बड़ी निकासी की थी, जिससे भारतीय शेयर बाजारों में दबाव देखने को मिला था। प्रवाह में देखने के अनुसार 2024 में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का रुख 9,435 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस वापसी में भारतीय कंपनियों का तीसरी तिमाही की आय प्रदर्शन और आर्थिक वृद्धि का मोर्चा है।

# सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन में गिरावट



**नयी दिल्ली :** विदेशों के साथ साथ स्थानीय मांग कमजोर रहने की वजह से बीते सप्ताह देश के खाने के तेल-तिलहन बाजार में सरसों एवं सोयाबीन तिलहन के भाव में गिरावट दर्ज हुई। जबकि विदेशों में भाव सुधरने से सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा सस्ता होने के बीच जाड़े की मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ। बाजार के जानकारों ने कहा कि बीते सप्ताह मांग कमजोर रहने के बीच सरसों तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। कीमत की इस गिरावट की वजह से मंडियों में सरसों की आवक भी घटी है जो पहले के लगभग दो लाख बोरी से घटकर 1.40-1.45 लाख बोरी रह गई। जबकि देश में सरसों की रोजाना मांग 3.5-4 लाख बोरी की है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 6,575-6,625 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 75 रुपये की गिरावट के साथ 13,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,275-2,375 रुपये और 2,275-2,400 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 200-200 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,300-4,350 रुपये और 4,000-4,035 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी ओर सोयाबीन दिल्ली और सोयाबीन इंदौर के दाम क्रमशः 10 रुपये, 25 रुपये के मामूली सुधार के साथ क्रमशः 13,885 रुपये और 13,850 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। सोयाबीन डीगम तेल का भाव 9,885 रुपये क्विंटल पर अपरिवर्तित बने रहे। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार देखने को मिली। मूंगफली तिलहन का भाव 150 रुपये सुधरकर 6,250-6,625 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ वहीं मूंगफली तेल गुजरात 400 रुपये की तेजी के साथ 14,500 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 55 रुपये की तेजी दर्शाता 2,185-2,485 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

### भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति पर चर्चा

# अगले वर्ष तक रेपो रेट 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रहेगी




**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में अपनी मौद्रिक नीति पर चर्चा करते हुए ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं की। अगले वर्ष तक रेपो रेट 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रहेगी, जबकि कैश रिजर्व रेशियो 0.50 फीसदी कम किया गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने महंगाई से राहत दिलाने को अपनी प्राथमिकता बताई है। महंगाई दर 14 महीने के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है और इसके कारण रिजर्व बैंक की टारगेट रेंज को 2 से 6 फीसदी में रखने का प्रयास किया जा रहा है। महंगाई दर की इस बढ़ोतरी के बावजूद, गवर्नर शक्तिकांत दास अभी भी ब्याज दरों में कटौती करने के अनुकूल नहीं हैं। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के नक्शेकदम पर चलते हुए गवर्नर शक्तिकांत दास का रुख दिखाई दे रहा है।

रघुराम राजन ने भी अत्यधिक महंगाई के समय ब्याज दरों को बढ़ाया था, अगर भी सरकार चाहे तो वे कदम नहीं उठा पाय थे। वित्त और उद्योग मंत्रियों ने भी ब्याज दरें कम करने की मांग की है ताकि व्यापारियों को विस्तार और कैपेसिटी बढ़ाने के लिए सस्ता पैसा मिल सके। इस सभी चर्चाओं के बीच, अभी तक कोई निर्णय सुनिश्चित नहीं हुआ है की ब्याज दरों में कटौती होगी या नहीं।

### अटल के लीड एक्टर्स ग्वालियर का करेंगे दौरा



**एण्डटीवी** में 'अटल' शो ने भारत के महान नेताओं में से एक स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का दिसंबर में शो की पहली सालगिरह है और उसके लीड एक्टर्स आयुध भानुशाली और नेहा जोशी 11 दिसंबर, 2024 को ग्वालियर जाने की तैयारी कर रहे हैं। शो में यह कलाकार अटल और कृष्णा देवी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि ग्वालियर में जन्मस्थान को लेकर इस यात्रा का एक विशेष महत्व है, क्योंकि दिसंबर में ही अटल जी का जन्म भी हुआ था। नन्हे अटल की भूमिका के आयुध भानुशाली ने कहा, नन्हे अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाना एक सपने के सच होने जैसा रहा। 'अटल' शो की नेहा जोशी ने कहा, 'अपने शो की पहली सालगिरह मनाने के लिये ग्वालियर जाना बेहद खास है। वहीं श्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म हुआ था। दिसंबर में ही है और इसलिये यह यात्रा अधिक सार्थक हो जाएगी। हमारी टीम ग्वालियर गई थी, ताकि अटल जी के जीवन से जुड़ी जानकारियाँ मिल सकें।

# सोने और चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं



**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,770 रुपये से लेकर 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,300 रुपये से लेकर 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में आज लगातार तीसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना भी 77,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## पेज एक के शेष

**प्रधानमंत्री आज राजस्थान ...**
जो दसवीं कक्षा पास हैं। वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें पहले तीन वर्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण और वजीफा दिया जायेगा। प्रशिक्षण के बाद, वे एलआईसी एजेंट के रूप में काम कर सकती हैं और स्नातक बीमा सखियों को एलआईसी में विकास अधिकारी की भूमिका के लिए योग्य होने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे।
कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल के मुख्य परिसर की आधारशिला भी रखेंगे। 495 एकड़ में फैले मुख्य परिसर और छह क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों की स्थापना 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से की जायेगी। विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए एक बागवानी महाविद्यालय और 10 बागवानी विषयों को कवर करनेवाले पांच स्कूल होंगे। यह बागवानी प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए फसल विविधीकरण और विश्व स्तरीय अनुसंधान की दिशा में काम करेगा।

**प्रधानमंत्री ने अष्टलक्ष्मी महोत्सव...**
हैं कि बेहतर कनेक्टिविटी, डिजिटल समावेशन और अवसंरचना में निवेश के जरिये पूर्वोत्तर भारत में उल्लेखनीय विकास हो रहा है। अष्टलक्ष्मी महोत्सव के रूप में पूर्वोत्तर के जीवंत वस्त्र क्षेत्र, पर्यटन के अवसरों और पारम्परिक शिल्पकला का जश्न दिल्ली में मनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अष्टलक्ष्मी महोत्सव पूर्वोत्तर के आठ राज्यों का तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव है, जो पहली बार 06 से 08 दिसम्बर तक नयी दिल्ली के भारत मंडपम में मनाया जा रहा है।

**बीएसएफ ने अजेय भारत का ...**
भारतवासियों के दिलों में पैदा हुआ है। इसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े हुए बीएसएफ जवानों को जाता है और किसी को इन पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सीमा से जब भी कोई अप्रिय घटना की सूचना आती है, तो गृह मंत्री को जरा भी चिन्ता नहीं होती। यही भरोसा रहता है कि हमारे बीएसएफ के जवान निपट लेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस (राइजिंग डे) परेड में शामिल हुए। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। गृह मंत्री को सुबह बीएसएफ की जीप में एसटीसी स्थित परेड ग्राउंड के मुख्य मंच तक लाया गया। गृह मंत्री ने कहा कि जवान अपने जीवन का स्वर्णकाल माइनस 43 डिग्री के तापमान से लेकर प्लस 43 डिग्री टेम्प्रेचर तक के वातावरण में बिताता है। न आप बच्चों की देखभाल कर पाते हैं, न बूढ़े माता-पिता की सेवा कर पाते हैं। तपते रेगिस्तान, घने जंगलों और बर्फ में भी आपने अपनी ड्यूटी निभायी है। जब देश सो रहा होता है, तब आप पहली पंक्ति के रूप में देश की सेवा करते हैं। आपका यह बलिदान अहसास दिलाता है कि भारत अजेय है। इसको कोई नहीं हरा सकता है। गृह मंत्री ने कहा कि आनेवाले समय में ड्रोन की समस्या और गहरानेवाली है। ऐसे में देश के सभी सीमा सुरक्षा बल, रक्षा विभाग, डीआरडीओ और सारे सुरक्षा विभाग ने मिल कर एक लेजर युक्त गन माउंट एंटी ड्रोन प्रणाली विकसित की है। अभी यह प्रायोगिक स्तर पर शुरू किया है। इसके प्राथमिक परिणाम बेहद अच्छे आये हैं। इससे पंजाब बॉर्डर पर 55 हमलों को रोका गया है। उन्होंने कहा कि हमने तीन हजार गांवों में प्रायोगिक रूप से वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किया है। सीमा सुरक्षा बल की ओर से ओखा (गुजरात) में देश की पहली नेशनल कोस्टल पुलिस एकेडमी की स्थापना की गयी है। हमारी जल सीमाओं की सुरक्षा में तैनात राज्य की पुलिस और सीमा सुरक्षा बल दोनों की ट्रेनिंग यहां करायी जा रही है। इसके साथ-साथ संवेदनशील इलाकों में व्यापक सुरक्षा प्रणाली लेकर आये हैं। बीएसएफ में कॉम्प्रिहेंसिव इंट्रीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में धुबरी (असम) में शुरू किया है। इसे पाकिस्तान और बांग्लादेश के बॉर्डर पर लगाया जायेगा। बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए बड़ी राशि दी जा रही है।शाह ने कहा, ₹2024 में बीएसएफ ने जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के सामने लड़ने का रिकॉर्ड बनाया है। मुझे विश्वास है कि आप ये सारे काम आगे भी करते रहेंगे। भारत सरकार ने हर बजट में बहुत बड़ी राशि बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए दी है। बांग्लादेश की सीमा पर 591 किलोमीटर की बाड़बंदी, 1129 किलोमीटर पर फ्लड लाइट्स लगायी गयी हैं। दूर-दराज के क्षेत्रों में गांवों की कनेक्टिविटी बढ़ाने का प्रयास किया है। सीमा पर वाइब्रेंट विलेज की शुरूआत हुई है। उत्तरी सीमा में कई वाइब्रेंट विलेज (विशेष सुविधाओं से लैस) बनाये हैं। इससे पलायन की समस्या खत्म हुई है।₹ परेड में वीरता पदक और पीपीएमडीएस ट्रॉफियां दी गयीं। चार वीरता पदक, एक जीवन रक्षा, छह पुलिस सेवा पदक और जनरल चौधरी ट्रॉफी समेत तमाम सम्मान दिये गये। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह के सामने कदम से कदम मिलाते हुए बीएसएफ के जवानों ने अपने अनुशासन और एकता का प्रदर्शन किया। परेड के ठीक पीछे बीएसएफ के जवानों ने हथियारों की प्रदर्शनी की। इसमें जमीन से जमीन पर मार करनेवाली मिसाइल और एंटी ड्रोन टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन किया गया।
परेड से पहले बीएसएफ विंग के स्वदेशी हेलीकॉप्टर ध्रुव ने आसमान से सुरक्षा का जायजा लिया।

**शाह ने जोधपुर में सरदार पटेल की ...**
कांग्रेस पार्टी में एक ही परिवार को सम्मान दिया गया, जबकि सरदार पटेल ने देश के स्वाधीन होने के समय चर्चिल की भारत के खंड-खंड होने की भविष्यवाणी को गलत साबित किया। गृहमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने सोमनाथ का मंदिर बनवाया था। उस समय उन्होंने कहा था कि देश के सभी तीर्थ स्थलों व मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया जायेगा, लेकिन कांग्रेस की मानसिकता के चलते 75 साल तक अयोध्या में मंदिर नहीं बन सका। सरदार पटेल धारा 370 के खिलाफ थे। वह कॉमन सिविल कोड लागू करना चाहते थे। उनके अधूरे कार्यों को मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में पूरा किया है। आज धारा 370 का अस्तित्व खत्म हो चुका है। कश्मीर आज भारत का अभिन्न अंग बन गया है। कॉमन सिविल कोड उत्तराखंड में लागू हो चुका है। आज संसार का सबसे बड़ा स्मारक उनके नाम का है। समारोह में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, मंत्री जोगाराम पटेल समेत स्थानीय विधायक व पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए।

**मुख्यमंत्री आवास में मंत्रियों व विधायकों ...**
दो टूक कह दिया है कि विकास कार्यों में कोताही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। चाहे मंत्री हों या विधायक ; पूरी तरह जनता से कनेक्ट रहें...उनकी समस्याएं लगातार जानते रहें, समझते रहें और उनका त्वरित निष्पादन करें।

**गिरिडीह पुलिस ने तीन साइबर ...**
गिरफ्तार आरोपियों में पंकज कुमार मंडल (पिता-जुगल मंडल) ग्राम पंदनिया, दीपक मंडल (पिता-नागेश्वर मंडल) ग्राम-घोषको, कैलाश मंडल (पिता-बुधन मंडल) ग्राम पंदनिया, तीनों थाना-अहिल्यापुर शामिल हैं।
इनके पास से तीन मोबाइल, तीन सिम कार्ड और एक स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त की गयी है। गिरिडीह एसपी डॉ. विमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि गांडेय थाना क्षेत्र के डाकबंगला मुख्य सड़क के किनारे कुछ साइबर अपराधी अपराध कर रहे हैं। उक्त सूचना के आधार पर साइबर थाना गिरिडीह के अवर निरीक्षक गुंजन कुमार, अवर निरीक्षक संजय मुखियार, गांडेय थाना प्रभारी आनंद प्रकाश सिंह एवं सशस्त्र बल के सहयोग से छापेमारी की गयी और तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।
इस सम्बन्ध में साइबर थाना कांड संख्या 41/2024 दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने बताया है कि ये लोग रैंडम नम्बर पर सीरियल कॉल कर खुद को बिजली विभाग का फर्जी अधिकारी बता कर बकाया बिजली बिल जमा करने को कहते हैं, नहीं तो बिजली कनेक्शन कट जाने की बात कह कर लोगों को डराते हैं। इसके बाद लोगों को झांसा देकर ठगी करते हैं। साथ ही, लोगों के व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेज कर और उनके मोबाइल को हैक कर ठगी करते हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक कैलाश मंडल का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ गिरिडीह साइबर थाना कांड संख्या 5/2021 और 33/2020 दर्ज है। इस प्रेस वार्ता के दौरान साइबर डीएसपी आबिद खान भी मौजूद थे।

**वायु सेना कमांडरों से मल्टी डोमेन युद्ध लड़ने ...**
की आवश्यकता पर चर्चा की है। उन्होंने भारतीय वायु सेना को और भी बड़ी उपलब्धियों तक ले जाने के लिए सभी कमांडरों से सामूहिक क्षमता, क्षमता और प्रतिबद्धता का आह्वान किया। वायु सेना प्रमुख पश्चिमी वायु कमान (डब्ल्यूएसी) के कमांडरों के दो दिवसीय सम्मेलन में 6-7 दिसम्बर को नयी दिल्ली में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। डब्ल्यूएसी के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल पीएम सिन्हा ने उनकी अगवानी की और उनके आगमन पर उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सम्मेलन के दौरान सीएएस ने कमांडरों के साथ बातचीत में मल्टी-डोमेन युद्ध लड़ने और जीतने की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने इस वर्ष की थीम 'भारतीय वायु सेना : सशक्त, सक्षम, आत्मनिर्भर' पर जोर दिया और भारतीय वायु सेना को और भी बड़ी उपलब्धियों तक ले जाने के लिए सभी कमांडरों से सामूहिक क्षमता, क्षमता और प्रतिबद्धता का आह्वान किया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की जरूरत पर बल दिया, जिसमें बेहतर प्रशिक्षण और योजना के माध्यम से परिचालन क्षमता में वृद्धि की जा सके। उन्होंने नये शामिल किये गये उपकरणों का शीघ्र संचालन, सुरक्षा और संरक्षा तथा सभी स्तरों पर नेतृत्व क्षमता के विकास पर जोर दिया, ताकि वे भविष्य के लिए तैयार होकर मजबूत बल बन सकें। सीएएस ने अपने सम्बोधन में भारत और विदेश ; दोनों में राहत एवं बचाव कार्यों (एचएडीआर) के लिए सबसे पहले तैयार रहने, उच्च परिचालन उत्कृष्टता बनाये रखने के लिए 'दुर्जेय लड़ाकू बल' बने रहने तथा हमेशा 'मिशन, अखंडता और उत्कृष्टता' के वायु सेना के मूल मूल्यों को सर्वोपरि रखने के लिए डब्ल्यूएसी की भूमिका को सराहा।

